

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार, 10 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-220 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत ने नहीं, पाकिस्तान ने कराई निज्जर की हत्या?

**नई दिल्ली,10 नवंबर।** खालिस्तानी आतंकवादी हदीप सिंह निज्जर की हत्या की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। इस बीच एक बड़ी बात सामने निकलकर आई है। कनाडा भले ही इस हत्या का आरोप भारत की सरकार पर लगा रहा है, लेकिन इस केस में अब पाकिस्तान का एंगल भी सामने आ चुका है। तारीक कियानी और उनके साथी राहत राव, जो कि आईएसआई एजेंट हैं, दोनों को रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने हदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में जांच के घेरे में लिया है। सूत्रों ने बताया, ÷कनाडा में निज्जर के नजदीक जाना हर किसी के लिए संभव नहीं था। राव और कियानी कनाडा में आईएसआई के दो प्रमुख एजेंट हैं। दोनों ही खुफिया एजेंसी के लिए सबसे अधिक सक्रिय हैं। दोनों ही उन आतंकवादियों को भी हैंडल कर रहे हैं जो भारत से कनाडा आए हैं।÷ सूत्रों के अनुसार, कियानी और राव को निज्जर की हत्या का आदेश दिया गया था ताकि ड्रग व्यापार को सीधे उनके द्वारा नियंत्रित किया जा सके। सूत्र ने कहा, ÷निज्जर समय के साथ शक्तिशाली हो रहा था और कनाडाई समुदाय में उसकी लोकप्रियता बढ़ रही थी। राव, कियानी और पन्नू को शायद इस व्यापार को नियंत्रित करने का काम दिया गया था। यह उनका मुख्य आय स्रोत था। निज्जर का पाकिस्तान के नेताओं से संबंध आईएसआई के लिए एक समस्या बन गया था। इसलिए, शायद व्यापार को फिर से कंट्रोल करने के लिए उन्होंने निज्जर को पहला निशाना बनाया।

### बस्तर फाइटर ने खुद को मारी गोली, मौत

**कोंडागांव,10 नवंबर।** फरसगांव ब्लाक के ग्राम बारदा में बस्तर फाइटर जवान हरिलाल नाग ने छुट्टी पर घर आकर आत्महत्या कर ली। वह अपनीपिस्टल से खुद को गोली मारकर जान ले ली। घटना की जानकारी मिलने पर फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा, केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह और स्थानीय पुलिसघटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।एसपी वाय अक्षय कुमार ने घटना की पुष्टि की।

### लंबे समय तक संबंध बनाने से इनकार करना हो सकता है तलाक का आधार

**नई दिल्ली ,10 नवंबर ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक तलाक के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि लंबे समय तक यौन संबंध बनाने से इनकार करने के आधार पर तलाक लिया जा सकता है। यह फैसला जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डोनादी रमेश की बेंच ने सुनाया है। कोर्ट ने यह फैसला एक पति के द्वारा लगाई गई तलाक की याचिका की सुनवाई के दौरान सुनाया है, जिसमें उसने पत्नी के यौन संबंध बनाने से मना करने पर तलाक की मांग की थी। कोर्ट ने यह टिप्पणी पति याचिका को खारिज करते हुए की है। पति ने मिर्जापुर फैमिली कोर्ट के चीफ जस्टिस के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मिर्जापुर फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक की अर्जी को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता पति पेशे से डॉक्टर है. वहीं उसकी शादी जून 1999 में हुई थी। पत्नी भारतीय रेलवे की रिटायर्ड कर्मचारी है। दोनों के दो बच्चे है, जिसमें से एक बच्चा पिता के साथ रहता है और दूसरा बच्चा मां के साथ रहता है. 9 साल पहले पति ने मिर्जापुर फैमिली कोर्ट में क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक की अर्जी लगाई थी। पति का आरोप था कि पत्नी ने धार्मिक गुरु की बातों में आकर यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया। पत्नी ने पति के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि दो बच्चों के पैदा होने से यह साबित होता है कि हम दोनों के बीच अच्छे संबंध थे।

## आयुष विश्वविद्यालय में खुलेगा 150 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, 50 एकड़ जमीन चिन्हांकित

**रायपुर,10 नवंबर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में अब यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस प्रारंभ करने की तैयारी चल रही है. इसके लिए विश्वविद्यालय के समीप ही 50 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया गया है. जमीन का सर्वे एनआरडीए के अधिकारियों द्वारा कर लिया गया है. मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के साथ ही एमडी, एमएस तथा नर्सिंग के पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे. स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में शिक्षण विभाग (यूटीडी) प्रारंभ करने का प्रस्ताव है. यहां एमबीबीएस एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित होंगे. इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड की बैठक में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस खोलने का निर्णय लिया गया. मेडिकल कॉलेज के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज 150 सीट वाला होगा. यह कॉलेज स्ववित्तीय एवं राज्य शासन से प्राप्त अनुदान के आधार पर संचालित होगा. एमबीबीएस की 150 सीट के अलावा पीजी कोर्स एमडी, एमएस, सुपरस्पेशलिटी कोर्स एमसीएच तथा नर्सिंग के भी पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे. यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस हेतु विश्वविद्यालय के समीप ही 50 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया गया है. विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर कुछ दिनों पहले ही एनआरडीए के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया. माना जा रहा है कि एनआरडीए से जमीन मिलने में किसी तरह की दिक्कतें नहीं आएगी. इसके अलावा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल के लिए भी विवि के सामने 25 एकड़ जमीन की मांग का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा ने कहा है कि यूनिवर्सिटी के समीप ही कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए यूनिवर्सिटी स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं. यूनिवर्सिटी के समीप ही जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है. पिछले दिनों एनआरडीए के अधिकारियों ने जमीन का सर्वे भी कर लिया है. अब राज्य शासन से अनुमति (सर्टिफिकेट) मिलने का इंतजार है. शासन से हरी झंडी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया तेजी से प्रारंभ की जाएगी.



## महिलाओं, किसानों और युवाओं पर भाजपा का फोकस

**मुंबई,10 नवंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने अपने इस संकल्प पत्र में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। संकल्प पत्र में बीजेपी ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की बात कही है। पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की और युवाओं को 25 लाख नौकरियां देने के वादा किया है। इसके अलावा भी राज्य की जनता के लिए कई घोषणाएं की गयी है। भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एक प्रकार से कई युगों से हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। एक जमाने में जब जरूरत थी, तब भक्ति आंदोलन की शुरुआत भी महाराष्ट्र से हुई, गुलामी से मुक्ति का आंदोलन भी शिवाजी महाराज ने यहीं से शुरू हुआ, समाजिक क्रांति की शुरुआत भी यहीं से हुई है और महाराष्ट्र की जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब हमारे संकल्प पत्र में दिखाई पड़ता है। अमित शाह ने कहा, हम जो संकल्प पत्र लेकर आए हैं, उसमें 25 प्रमुख मुद्दे हैं। लाडली बहन योजना और वृद्धावस्था पेंशन में हम बढ़ोतरी कर रहे हैं। किसानों के ऋण माफ और किसान सम्मान निधि को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करेंगे। 10 लाख प्रतिभावान छात्रों को मासिक 10 हजार रुपये का मानदेय देंगे। 45 हजार गांवों में रास्ते बनाए जाएंगे। आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बीमा किया जाएगा और उनका मासिक वेतन 15 हजार रुपये तक बढ़ाया जाएगा। अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अघाड़ी की सारी योजनाएं सत्ता की लालच में तुष्टिकरण की हैं, विचारधाराओं का अपमान करने वाली हैं और महाराष्ट्र की संस्कृति से छल करने वाली हैं। शाह ने वीर सावरकर का नाम लेकर राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं उद्धव ठाकरे से पूछना चाहता हूं कि क्या वह कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से कह सकते हैं कि वह वीर सावरकर के लिए दो शब्द बोल दें? उन्होंने आगे कहा, क्या कांग्रेस का कोई नेता बाला साहब ठाकरे जी के सम्मान में दो वाक्य बोल सकता है? अंतर्विरोध के बीच में अघाड़ी की सरकार बनाने का स्वप्न लेकर जो लोग निकले हैं, उन्हें महाराष्ट्र की जनता जान ले तो अच्छा होगा।



### खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**नोएडा ,10 नवंबर।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर जारी हुए एक वीडियो में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कार सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से घुस गई थी। हादसे के बाद हर तरफ चीख-पुकार मच गई।

इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई मरने वालों में 3 महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। यह हादसा नोएडा से परी चौक जाते समय हुआ। जानकारी के मुताबिक एक तेज रफ्तार वेगनआर कार रोड पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से जा घुसी।

## 15 दिनों तक केशकाल घाट से आवाजाही बंद

**रायपुर,10नवंबर।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर स्थित केशकाल घाट से अब 15 दिनों तक आवाजाही बंद रहेगी। 10 नवंबर से घाट में सड़क निर्माण का काम शुरू किया जा रहा है जो 25 नवंबर तक चलेगा। ऐसे में रायपुर से जगदलपुर और जगदलपुर से रायपुर जाने वाले यात्रियों को परिवर्तित मार्ग से आवाजाही करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे- 30 पर बस्तर के केशकाल घाट की स्थिति बदतर है। इस घाट के करीब 10 मोड़ की साढ़े 4 किमी की सड़कें अधिकतर जगह से उखड़ चुकी है। यही वजह है कि ओवर लोडेड ट्रक, ट्रॉली आए दिन बेकाबू होकर पलट जाते हैं। इस घाट में महीने में 10 से ज्यादा बार जाम भी लगता है। जिसका सीधा नुकसान राहगीरों को उठाना पड़ता है। केशकाल घाट की सड़कों की मरम्मत के लिए हर साल एवरेज 70 लाख रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके बाद भी बारिश आते-आते सड़कें बदहाल हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, नारायणपुर लौह खदान से हर दिन सैकड़ों ट्रक चल रहा है। जिससे सड़क पर लोड बढ़ गया है। यही वजह है कि सड़क बार-बार उखड़ रही है। आर. के गुरु का कहना है कि 6 करोड़ रुपए की लागत से 10 मोड़ की साढ़े 4 किमी की सड़क बनेगी। लगभग 4 इंच का डामर बिछेगा। इससे बार-बार सड़कें नहीं उखड़ेंगी।

## शॉपिंग मॉल के पास मिली युवती की लाश

**रायपुर 10 नवंबर।** राजधानी में संदिग्ध परिस्थिति में एक युवती की लाश मिली है। युवती की उम्र 25 से 30 वर्ष के करीब है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतका की शिनाख्त करने की कोशिश करने की बात कह रही है। युवती की लाश कलर्स मॉल स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिली है। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को कलर्स मॉल के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में लाश मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस तथा फोरेंसिंग एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार लाश पूरी तरह से सड़ चुकी है। इस वजह से युवती की पहचान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस युवती के कपड़ों की मदद से तथा आसपास के थानों में दर्ज गुम इंसान की मदद से युवती की पहचान करने की बात कह रही है। लाश की स्थिति को देखते हुए पुलिस युवती की हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि, जिस जगह युवती की लाश मिली है, वहां भवन निर्माण का काम चल रहा है। ऐसे में वहां काम करने वाले मजदूरों को लाश होने की सूचना नहीं मिल पाना कैसे संभव है। तेज बदबू आने पर निर्माणाधीन भवन में लाश होने की पुलिस को जानकारी मिल पाई।

## 24 घंटों में तीसरी बार मुठभेड़

**श्रीनगर,10 नवंबर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ हुई सेना की मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। पिछले 24 घंटे में यह तीसरी मुठभेड़ की घटना है। सुदूर वन क्षेत्र से पहले श्रीनगर के जबरवान जंगल में आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई थी। बता दें, दो दिन पहले आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या कर दी थी, जिसके बाद से सेना और पुलिस का आतंकवाद रोधी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि केशवान के जंगलों में सुबह 11 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश दलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के बाद कुंतवाड़ा और केशवान के जंगलों में बृहस्पतिवार शाम से आतंकवाद रोधी अभियान जारी है। पुलिस ने कहा, केशवान-किश्तवाड़ में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि तीन या चार आतंकवादी फंसे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि यह वही आतंकवादी समूह है जिसने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की थी। श्रीनगर के जबरवान जंगल में हुई मुठभेड़ की जानकारी देते हुए कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर लिखा, आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर श्रीनगर के जबरवान वन क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान गोलीबारी हुई।



### छात्रों ने किया टीचर पर जानलेवा हमला

**मतलौडा ,10 नवंबर ।** पानीपत के इसराना बस अड्डे पर कुछ छात्रों ने टीचर पर जानलेवा हमला कर दिया। आईटीआई में अनुदेशक के पद पर कार्यरत अध्यापक पर छात्रों ने जानलेवा हमला किया। छात्रों हाथों में तलवार व चाकू लिए हुए थे। अनुदेशक ने थाना इसराना में छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

मामले के अनुसार संदीप कुमार पुत्र नफे सिंह गांव रामगढ़ तहसील गोहाना जिला सोनीपत की अनुदेशक के पद पर आईटीआई पानीपत में कार्यरत है। एक दिन किसी बात को लेकर के छात्रों में झगड़ा हो गया। झगड़े के मामले में सामने आया कि एक लड़की के साथ छेड़छाड़ व उसके चाचा के साथ कुछ छात्रों ने मारपीट की है।

## ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, तीन मजदूरों की मौत

**जगदलपुर,10 नवंबर।** कृषि फार्म में काम करने के बाद मजदूर पिकअप से घर लौट रहे थे, इस दौरान रास्ते में पिकअप को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 13 लोग घायल हुए हैं. सभी मजदूर ओडिशा के हैं. यह हादसा राजनगर में हुआ है. जानकारी के मुताबिक, रोहित चावडा के कृषि फार्म में हर दिन ओडिशा से दर्जनों मजदूर आते हैं. उन्हें काम के लिए एक ही पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंस कर भरा जाता है और शाम को काम खत्म होने के बाद उसी ओवरलोड वाहन से घर भेजा जाता है. इस वाहन में नाबालिग लड़के-लड़कियां भी सफर करते हैं, जिससे सुरक्षा का खतरा और बढ़ जाता है. इसी लापरवाही के कारण यह गंभीर दुर्घटना हुई है. ट्रक की टक्कर से पिकअप में बैठे 16 लोग घायल हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को नजदीकी अस्पताल बकावंड ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान तीन मजदूरों की जान नहीं बचाई जा सकी. बाकी 13 मजदूरों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है. इनमें से 9 घायलों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.





रायपुर। राजधानी में आंवला नवमीं पर आंवला पेड़ की पूजा कर भोज का आयोजन किया गया

## कनाडा में मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**ओटावा,10 नवंबर।** कनाडा में मंदिर पर हमला करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान ब्राम्पटन के 35 वर्षीय इंदरजीत गोसाल के रूप में हुई है। वह मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड है और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी है। ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंदरजीत ने ही तैयार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश देकर छोड़ भी दिया गया। इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इंदरजीत गोसाल सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का दाहिना हाथ है। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वही रेफरेंडम से जुड़े काम को देख रहा है। पुलिस ने बताया, गोसाल को 8 नवंबर को गिरफ्तार किया गया है। उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है और कहा गया कि तय तारीख पर कोर्ट में हाजिर होना है। बता दें कि 4 नवंबर को खालिस्तानियों ने कनाडा में कई मंदिरों को निशाना बनाया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इन हमलों की निंदा करते हुए कनाडा को कड़ा संदेश दिया था। कनाडा में हिंदुओं पर इस तरह के हमले को लेकर दुनिया के कई देशों ने निंदा की थी। पुलिस ने कहा, घटना की जांच के लिए एक विशेष दल बनाया गया है और इसकी जांच की जा रही है। हमलों के आरोपियों के पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने देश के कुछ नेताओं पर हिंदुओं और सिखों को ÷जानबूझकर एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने÷ की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडाई मूल के हिंदू और सिख एक तरफ हैं और खालिस्तानी दूसरी तरफ। आर्य की यह टिप्पणी ब्रैम्पटन के एक मंदिर में हिंदुओं पर हमले की घटना के कुछ दिन बाद आई है। आर्य ने कहा कि कनाडा के कई नेता ब्रैम्पटन की घटना को कनाडाई मूल के हिंदुओं और सिखों के बीच संघर्ष के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के जानबूझकर किए गए कृत्यों और खालिस्तानियों के प्रभाव के कारण कनाडा के लोग अब खालिस्तानियों और सिखों को एक जैसा समझने लगे हैं। खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों की गत तीन नवंबर को ओंटारियो के ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर में स्थित हिंदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बाधा डाली थी।



ओंटारियो के नेपियन क्षेत्र से सांसद आर्य ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷कुछ नेता जानबूझकर इस हमले के लिए खालिस्तानियों को जिम्मेदार ठहराने और उनका जिक्र करने से बच रहे हैं। वे अन्य तत्वों पर दोष मढ़ रहे हैं। वे इसे हिंदुओं और सिखों के बीच एक मुद्दे के रूप में पेश करके कनाडा के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। आर्य ने कहा, खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए हमले को लेकर नेता हिंदुओं और सिखों को इस तरह से चित्रित कर रहे हैं कि वे एक-दूसरे के खिलाफ हैं। जबकि, यह सच्ची तस्वीर नहीं है। हकीकत में हिंदू-कनाडाई और सिख-कनाडाई एक तरफ हैं और खालिस्तानी दूसरी तरफ।

## क्लास में आना है तो दाढ़ी कटवानी पड़ेगी

### कॉलेज के फरमान पर भड़क गए कश्मीरी छात्र

**बेंगलुरु,10 नवंबर।** कर्नाटक के एक कॉलेज में पढ़ने वाले जम्मू-कश्मीर के छात्रों ने आरोप लगाया है कि उनसे जबरन दाढ़ी कटवाई जा रही है। उनका कहना है कि कॉलेज प्रशासन ने सख्ती से कहा है कि या तो उन्हें दाढ़ी ट्रिप करनी होगी या फिर क्लीन शेव करनी होगी। हसन जिले के सरकारी नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने दावा किया है कि दाढ़ी कटवाए बिना क्लीनिकर एक्टिविटी में उन्हें अनुपस्थित कर दिया जाता है। छात्रों के मुताबिक यहां करीब 24 कश्मीरी छात्र हैं और उनसे कहा गया है कि वह या तो नंबर 1 पर दाढ़ी को ट्रिम करवा लें, या फिर क्लीन शेव कर लें। उन्होंने कहा कि दाढ़ी रखने की वजह से क्लास में उनकी अनुपस्थिति दर्ज हो जाती है और इसलिए उनका अकैडमिक रिकॉर्ड भी खराब हो रहा है। इस मामले को लेकर जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स असोसिएशन ने करन्टाक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखा और उनसे दखलल की मांग की। पत्र में कहा गया कि इस तरह दाढ़ी कटवाने का दबाव बनाकर छात्रों के सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। इस पत्र में कहा गया. जानकारी के मुताबिक कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को दाढ़ी कटवाने का आदेश दिया है। जिन स्टूडेंट्स की दाढ़ी हैं उनकी एब्सेंट लगा दी जाती है। ऐसे में उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है। कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि वे किसी खास ग्रुप को टारगेट नहीं कर रहे हैं।

# कलेक्टर की फटकार के बाद फिर से शुरू हुआ सड़क निर्माण, आम जनता में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 नवंबर।** कवर्धा विकासखंड के ग्राम बटूराकछार में सीसी रोड के निर्माण में खामियां पाए जाने के बाद, कलेक्टर गोपाल वर्मा के सख्त निर्देश पर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। हाल ही में कलेक्टर वर्मा ने ग्राम बटूराकछार का दौरा किया और वहां निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में कई खामियां पाईं, जिससे क्षेत्र के लोगों को असुविधा हो सकती थी। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब गुणवत्ता वाली सड़क को तुरंत उखाड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनाई जाए। जिसके बाद रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे तय मानकों के अनुरूप पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। ग्राम बटूराकछार में मंडी द्वारा स्वीकृत 8 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण किया जा रहा है।



कलेक्टर के इस कड़े कदम से ग्रामवासियों में संतोष और खुशी की लहर है। गांव के लोगों ने कलेक्टर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रशासन की यह पहल सराहनीय है और इससे भविष्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित होंगे। नागरिकों ने विश्वास जताया कि इस बार सड़क का निर्माण मजबूत और टिकाऊ होगा जिससे उन्हें लंबे समय तक लाभ मिलेगा। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को भविष्य में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाना जरूरी है,ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ नागरिकों तक सही ढंग से पहुंचे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित जांच और निगरानी करने के निर्देश दिए है, जिससे क्षेत्र में अच्छे और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य हो सकें। ग्राम बटूराकछार में सीसी रोड का पुनर्निर्माण कार्य कलेक्टर के निर्देशानुसार तेजी से चल रहा है और जल्द ही इसे पूरा कर गांववासियों को सौंपा जाएगा।

## शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को अच्छे से मिले यही पहली प्राथमिकता: अजय त्रिपाठी



**कवर्धा, 10 नवंबर।** कबीरधाम जिला पंचायत के नए सीईओ अजय त्रिपाठी ने तरुण छत्तीसगढ़ के प्रथमिकता के सवाल पर जिला पंचायत के सीईओ अजय त्रिपाठी ने बताया की केंद्र ओर राज्य सरकार की जो योजनाएं लोगो के लिए बनाई गई है सही समय पर अच्छे से लोगो को मिले ऐसी मेरी प्राथमिकता है । गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य हो जिस पर हमेशा फोकस रहेगा । योजनाएं पहुंचने में देरी कभी नहीं होनी चाहिए जिस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । अंतिम छोड़ तक विकास अच्छे से ओर समय पर पहुंचे मुख्य उद्देश्य है ।

## वर्मा के जन्मदिन पर वृक्षारोपण



**उतई, 10 नवंबर।** भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा का जन्मदिन कल 11 नवंबर दिन सोमवार को भाजपा कार्यकर्त्ताओं के द्वारा पौधारोपण एवं केक काटकर दोपहर 1 बजे उतई रेस्ट हाउस में मनाया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी,मंडल कार्यकर्ताओं मोर्चा, प्रकोष्ठ, अध्यक्ष,कार्यकारणी सदस्य,पार्षद,सरपंच,जिला पंचायत सदस्य,पंच, जनपद सदस्य,शक्ति केंद्र प्रभारी,सयोंजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष बूथ सचिव बूथ पालक,वरिष्ठ, कनिष्ठ, देवतुल्य कार्यकर्त्तागण समेत कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों के लोग जन्मदिन कार्यक्रम में होंगे शामिल उक्त जानकारी मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,भाजयुमों अध्यक्ष उतई प्रवीण यदु ने दी

## एक नजर

### सामान डिलिवरी नहीं कर धोखाधड़ी

**भिलाई, 10 नवंबर।** भिलाई धमधा थाना अंतर्गत रेपिड मशीन मैनुफैक्क्रिंग सूरत गुजरात से गेन्ट्री क्रेन ट्रेक सहित क्रय करने का सौदा कर 7 लाख 59 हजार रुपए का भुगतान करने के बाद भी मालिक ने सामान डिलिवरी नहीं कर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। वार्ड नंबर 10 बनिया पारा धमधा निवासी अंकित दानी ;38 वर्षद्ध पेशे से वकील हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 जून को रेपिड मशीन मैनुफैक्क्रिंग सूरत गुजरात के कंपनी से गेन्ट्री क्रेन पांच टन क्षमता वाला ट्रेक सहित क्रय करने का सौदा करीब 759000 रूपए में क्रय कर अग्रिम राशि पहले एक लाख रूपये प्रोपराइटर राजू गोहिल निवासी सूरत गुजरात के खाता में अपने मोबाइल के फोन पे के माध्यम से भुगतान किया। इसी राशि को राजू गोहिल ने अपने कोटेशन में जमा कर दर्शाया है। 7 जून को राजू गोहिल ने गेन्ट्री ट्रेक और उसका ट्रैक कंपलीट होना बताने और शेष रकम 659000 रूपये मांगने पर प्रार्थी ने बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा धमधा से आरटीजीएस के माध्यम से राजू गोहिल के खाता दोबारा 659000 रूपये भुगतान किया प्रार्थी ने राजू गोहिल को कुल रकम 759000 रूपये का भुगतान करने के बाद उसके द्वारा प्रार्थी को अपने मैनुफैक्क्रिंग फर्म से अन्य दूसरे मशीनो को भी लेने के लिये जबरदस्ती दबाव बनाकर लेने कहा गया सामान या पैसा वापस नहीं किया है।

### इंस्टाग्राम पर अपलोड करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार



**भिलाई, 10 नवंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र पर अपनी पत्नी के दूसरे पति की हत्या की साजिश रचकर उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड करने वाले मुख्य आरोपित और उसके दो दोस्तों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की उनका जुलूस निकालने के बाद उन्हें जेल भेजा गया दो दिन पहले दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के पास एक वीडियो पहुंचा था जिसमें तीन युवक 18 नंबर रोड कैंप-1 निवासी एक युवक की हत्या की साजिश रच रहे थे उस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए एसपी शुक्ला ने छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिसके आधार पर पुलिस ने शिव वाटिका फेस-1 कोपेडीह अमलेश्वर निवासी संदीप शर्मा (25 साल ), बीएसपी कालोनी सरस्वती नगर रायपुर निवासी मनीष दास मानिकपुरी (20 साल ) और चंद्रमा चौक शिवाजी नगर खुर्सीपार लिया। इनके साथ एक और भी व्यक्ति था जिसकी तलाश की जा रही है पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि संदीप शर्मा की पत्नी ने उसे छोड़कर 18 नंबर रोड कैंप-1 निवासी एक युवक से दूसरी शादी कर ली थी जिसके चलते वो उसे मारना चाहता था उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वीडियो काल पर उसकी हत्या की योजना बनाई और वीडियो को इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। उसी वीडियो के चलते वो और उसके दोनों साथी गिरफ्तार कर लिए गए तीनों आरोपितों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल मुख्य आरोपित की पत्नी ने कर ली थी दूसरी शादी।

### सूने घर में चोरी

**भिलाई, 10 नवंबर।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे चांदी के सामान सहित नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 21 वार्ड क्रमांक 18 कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी चैन सिंह साहू लक्ष्मण नगर छावनी में वायर ड्राईंग का ऑपरेटर काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 नवंबर को घर में ताला लगाकर पत्नी प्रमीला साहू एवं बच्चा को साथ में लेकर ग्राम चिचा अर्जुन्दा जिला बालोद दीपावली त्यौहार मनाने गया था। अपनी पत्नी- बच्चा को छोड़कर 7 नवंबर की शाम 4 बजे घर पहुंचा फिर उसी दिन रात 8 बजे अपने घर मे ताला बंद कर ड्यूटी पर गया था। अगले दिन सुबह 9 बजे आया तो देखा कि घर के मेनगेट का ताला टूटा हुआ था आलमारी के अंदर रखा चांदी का सामान 1 नग कटोरी 1 नग गिलास, 1 नग चम्मच, 1 नग चांदी का सिक्का, 1 गुल्लक, 2 नग मोबाइल एवं 2000 नगद अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था ।

### टिकट दलाल के विरुद्ध आरपीएफ ने की कार्रवाई



**भिलाई, 10 नवंबर।** जोन व मंडल मुख्यालय से प्राप्त आदेश के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी दुर्ग एसके सिन्हा के नेतृत्व में दो टीम का गठन कर ड्राइव किया गया। इस दौरान पोस्ट प्रभारी दुर्ग की टीम द्वारा गणेशा मोबाइल शॉप, लोक सेवा केन्द्र, सूर्या मॉल चौक, जुनवानी, थाना- स्मृति नगर, भिलाई में दबिश के दौरान चेक करने पर पर्सनल यूजर आईडी सजीएस 10190 से बनाए गए टिकट पाए गए हैं । उसके पास कोई एजेंट आईडी नहीं पाया गया । पूछताछ करने पर उसने कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाया तथा भविष्य में भी नहीं दिखा सकेगा । टिकट मूल्य से अधिक राशि लेकर निजी लाभ हेतु टिकट बनाना स्वीकार किया । उसने अपने आईडी से बनाए हुए फ्यूचर यात्रा के 3 टिकट मूल्य रू 2,823.55, पास्ट 11 टिकट मूल्य रु 8,689.70 कुल मूल्य रू 11,513.25 प्रस्तुत करने पर उसे जब्त किया गया । इस संबंध में दुर्ग पोस्ट में अपराध क्रमांक 3132/2024 धारा 143 रेलवे एक्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

# ममता चंद्राकर ने आकाश शर्मा के समर्थन में विभिन्न वार्डों में किया सघन जनसंपर्क



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 नवंबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत वार्ड 42 सुंदरलाल शर्मा बूथ नंबर 75 ओर 76 मैं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में घर घर दस्तक देकर प्रचार कर रही पूर्व विधायक ममता चंद्राकर आज रायपुर दक्षिण विधानसभा के वार्ड क्रमांक 42 सुंदरलाल शर्मा बूथ क्रमांक 75 ओर 76 में कई इलाकों का दौरा कर सघन प्रचार अभियान किया उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में वोट मांगे उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता सहित रैली जुलूस निकाल कर घर-घर दस्तक देकर लोगों से बड़े बुजुर्गों युवाओं से सक्रिय जुझारू युवा शक्ति आकाश शर्मा पर भरोसा जताने एवं उन्हें प्रेम आशीर्वाद देकर पंजा छाप में बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजय बनाने की अपील की एवं समर्थन में पर्ची बांटकर सघन प्रचार की साथ में सीमा वर्मा भारती शर्मा विनय तिवारी शिवांश शुक्ला अंकित मिश्रा तनुजा शामिल रहे ।

# मैत्री बाग में लाया गया मगरमच्छ और बार्किंग डियर



**भिलाई, 10 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्री बाग में, वन्य प्राणी विनिमय के अंतर्गत, सेंट्रल जू अथॉरिटी द्वारा दो मगरमच्छ और चार बार्किंग डियर लाने की अनुमति प्राप्त हुई है। जिसके तहत मैत्री बाग में एक नर मगरमच्छ एवं दो नर और दो मादा बार्किंग डियर लाया गया। जिन्हें 06 नवम्बर को उनके केज में छोड़ा गया। यह वन्यप्राणी विनिमय, सेंट्रल जू अथॉरिटी द्वारा प्राप्त अनुमति के अंतर्गत भिलाई के मैत्री बाग जू एवं बिलासपुर के कानन पेंडारी जू के मध्य किया गया। जिसके तहत 20 सांभर के बदले उपरोक्त वर्णित जानवरों को लाया गया। जिसमें शेष बचे एक मादा मगरमच्छ को कानन पेंडारी जू की टीम द्वारा, तब मैत्री बाग जू लाया जायेगा जब इन 20 सांभरों को भिलाई से बिलासपुर ले जाया जायेगा। मैत्री बाग में इस मादा मगरमच्छ को इस महीने के अंत तक लाना अनुमानित है। साथ ही मैत्री बाग जू प्रबंधन द्वारा 1 जोड़ी भालू, 2 ऑस्ट्रिच तथा 1 जोड़ी मोर को भिलाई लाने हेतु सेंट्रल जू ऑथोरिटी को प्रस्ताव भेजा गया है। यह सभी जानवर 20 सांभरों के विनिमय में ही शामिल है। वन्यजीव विशेषज्ञ, भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं महाप्रबंधक (उद्यानिकी) डॉ एन के जैन ने यह जानकारी दी, कि सेंट्रल जू अथॉरिटी के मार्गदर्शन अनुसार ही इन वन्य प्राणी विनिमय की जाती है। लाये गये इस 10 वर्ष के नर मगरमच्छ की लम्बाई 8 से 9 फुट है, जो एक साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल है। यह मस्क क्रोकोडाइल की तुलना में काफी लंबा और वजनी होता है। साल्ट/फ्रेश वाटर क्रोकोडाइल ज्यादातर पानी में रहना पसंद करते हैं और ठंड के मौसम में ग्रास्पिंग करने पानी से बाहर आकर धूप में बैठते हैं। कभी कभी यह काफी लंबे समय (3-4 घंटे) के लिए धूप में रहना पसंद करते हैं। इनकी औसत आयु 40-50 वर्ष की होती है। बार्किंग डियर, जो हिरणों की सबसे छोटी प्रजाति है, अपने आसपास शेर या तेंदुआ होने पर कुत्तों की तरह आवाज निकलकर अपने अन्य साथियों को सतर्क करते हैं। इनकी केनाइन टिथ काफी बड़े होते हैं, जिसके कारण कभी कभी ये आपसी लड़ाई में अपने साथियों को घायल भी कर देते हैं। मैत्री बाग में लाये गए बार्किंग डियर की आयु 5-6 वर्ष है। इनकी औसत आयु 10-12 वर्ष की होती है।

# राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बीएसपी ने जीता रजत पदक



भिलाई, 10 नवंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र की खो-खो बालिका टीम ने हाल ही में आयोजित 10वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ एवं जिला एमेच्योर खो-खो संघ, राजनांदगांव द्वारा 5 से 7 नवंबर तक लाटमेटा, जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया। बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुर्ग जिले की टीम से कड़े मुकाबले के बाद 2 अंकों से हार का सामना करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। टीम का नेतृत्व कप्तान कुमारी अनुराधा सिंह ने किया और झमीता साहू, नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, अनादिता, खुशबू, उर्मिला, गिरिजा, खुशी सूर्यवंशी और क्रिनशी गजपाल ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच सिकंदर भारती और प्रबंधक सुश्री कुसुम मांझी के कुशल मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बधाई और सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ खो-खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। महासचिव तरुण शुक्ला द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### वरिष्ठ क्रिकेट टीम के चयन हेतु स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 10 नवंबर।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 26 से 30 नवम्बर तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जाएगा।



### बिचपुरिया ने तालाब घाटों पर पहुंच श्रद्धालुओं को दी बधाई

**भिलाई, 10 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने शीतला तालाब मरोदा टंकी, हुडको तालाब, सेक्टर-2 तालाब, कोहका तालाब, बैकुंठधाम तालाब, नेहरू नगर तालाब पहुंच कर सभी आम जन को छठ पर्व की शुभकामनायें दी एवं छठी मैया से प्रार्थना की आपके आशीर्वाद से सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आये। प्रमुख रूप से खिलावन साहू, सुन्दर साहू, भोला साहू, अशोक गुप्ता, विजय सिंह, रितेश सिंह ठाकुर, संजय दानी, चन्देश्वरी बांधे, श्रीनिवास राव, गजानंद बंछोर, कंचन सिंह, सीजू एंथोनी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जिसे आप बदल नहीं सकते उसे स्वीकार करें :ललित भाई



भिलाई, 10 नवंबर। ब्रह्माकुमारीज संस्था के संपर्क में आने के पश्चात मुझे राजयोगिनी निर्मलशांता दादी ने वरदान दिया कि जीवन में सदा मुस्कुराते रहो, मुझे लगा कि ये तो बहुत आसान है, लेकिन जैसे थाली से कपूर उड़ जाता है वैसे ही छोटी छोटी बातों से चेहरे की मुस्कान तब लगा ये तो बहुत मुश्किल है। यह बातें सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के एकाउंट्स डिपार्टमेंट प्रमुख ब्रह्माकुमार ललित भाई ने कही। जीवन में सदा खुश और चेहरे पर मुस्कराहट के लिए इस सृष्टि रूपी बेहद चैतन्य नाटक (ड्रामा) के चार विशेषताओं को बताते हुए आपने कहा कि यह सृष्टि रूपी नाटक एक्यूरेट,फिक्स,न्यायकारी और कल्याणकारी है। मनुष्य थोड़ा ज्यादा बुद्धिशाली जीव है लेकिन भगवान की प्लानिंग एक्यूरेट है। विशाल सृष्टि रूपी नाटक में सबका विशेष अपना-अपना फिक्स पार्ट है, यह नाटक भगवान को पसंद है। समझदार व्यक्ति उपाय रास्ता खोजेगा और नासमझ कारण, क्यों क्या, कैसे में लगा रहेगा। यह संसार विभिन्न स्वभाव संस्कार, भाषा संस्कृतियों से भरा हुआ है लेट एस एंजॉय ऑफ वैरायटी। आपने परमात्मा शिव के बारे में बताया कि शिव अर्थात सदा कल्याणकारी इस शब्द से ब्रह्मांड की सारी पॉजिटिविटी को अपने जीवन में धारण करें। तथा जिसे आप बदल नहीं सकते उसे स्वीकार करें। सृष्टि रूपी ड्रामा न्यायकारी है, कर्म सिद्धांत है कि हमारा किया अच्छा या बुरा उसका फल अवश्य मिलता है। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने ललित भाई की विशेषताओं को बताया कि ईमानदारी, जिम्मेवारी और आज्ञाकारी के गुणों के कारण आप इस विशाल कार्य को योगयुक्त निमित्त बनकर सम्हाल रहे।

# सड़क पर बेतरतीब खड़ी गाड़ियों का काटा गया चालान

**भिलाई, 10 नवंबर।** कलेक्टर टी एल में शिकायत की गई थी कि सड़क के किनारे शिवाजी चौक नेहरू नगर में स्थित 90 कैफे, वडक्कम एवं उसके इर्द-गिर्द स्थित रेस्टोरेंट में बेतरकीब गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसकी शिकायत कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल के समय की गई थी। यह जानकारी मिलते ही निराकरण के लिए नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता, यातायात विभाग, एवं सुपेला थाने से पुलिस बल के सहयोग लेकर के गाड़ियों को हटाया गया। गौरतलब है कि बहुत सारे युवा वर्ग, पारिवारिक लोग एवं अन्य ग्राहक ग्राहको की भीड़ लगी रहती है। जो भी लोग खाने के लिए वहां पर आते हैं । अपनी गाड़ियां इधर-उधर खड़ा कर देते हैं। सड़क जाम हो जाता है इससे आवागमन बाधित होता है ।उसी को रोकने के लिए बेतरकीब गाड़ियां खड़ी होने के कारण दुकानों से रु 2500 की चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई शिवाजी चौक से होते हुए केपीएस चौक तक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जोन के राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, शशांक सिंह, राजेश गुप्ता, इमान सिंह कन्नौज, नंदू सिन्हा, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, निरंजनअसाटी, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी खेमलाल, गवकरण आदि उपस्थित रहे।





### आरईडी विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

भिलाई, 10 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार कमेटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य के साथ- साथ सुरक्षा के पालन करने के लिए दिया गया है। राजेश कुमार सुमन एवं प्रकाश दास को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार से श्री दीपक कुमार वर्मा, राहुल सरकार, मोहम्मद इमरान, पूरन दास बंजारे एवं सूरज लाल को सम्मानित किया गया। साथ ही विजेताओं के जीवन साथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया।ष्कार्यक्रम में महाप्रबंधक आर गोपालाकृष्णन तथा उप महाप्रबंधक सतीश कुमार अग्रवाल एवं आरईडी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय व अति. श्रम कल्याण अधिकारी चैत राम साहू द्वारा किया गया।

### सुरेश ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेने रवाना

**भिलाई, 10 नवंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेश कुमार ठाकुर का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2024 ( सेंट्रल जोन) के लिए किया गया है। वे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से दल प्रभारी के रूप में पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दल में पूरे प्रदेश से 28 स्वयं सेवक सहभागिता कर रहे हैं। यह शिविर दिनांक 10 से 19 नवंबर तक पटना के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी( बी.आई.टी.) में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में सेंट्रल जोन से कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों का चयन किया जाएगा।



## एक नजर

### 31 दिसम्बर तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ लेने की अपील

**राजनांदगांव 10 नवंबर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये नगर निगम सुनियोजित आभियान चला रही है। राजस्व वसूली के लिये निगम का राजस्व अमला घर घर जाकर संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर की वसूली करने के अलावा निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में भी करो का भुगतान हेतु राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहते है। करदाताओं की सुविधा के लिये दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ दिया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ देने का प्रावधान है, जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा डोर टू डोर राजस्व वसूली करने के अलावा राजस्व कार्यालय में करदाताओं से करो की राशि ली जा रही है, ताकि उन्हें दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ मिल सके।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन लक्ष्य के अनुरूप सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली की जा रही है, जिसके लिये घर घर वसूली के अलावा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया जा रहा है, इसी प्रकार दुकान किराये की वसूली के लिये भी बड़े बकायदारों को नोटिस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिये छुट का प्रावधान भी रखा गया है, जिसके तहत चालू माह नवम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट का लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री ने आंवला नवमीं की दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर 10 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आंवला नवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यता है अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्यकार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और मां लक्ष्मी की कृपा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी नागरिकों की सुख समृद्धि बढ़े, यह कामना की है।

### बीएलएस एवं एसीएलएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

**रायपुर. 10 नवंबर।** ''कार्डियक अरेस्ट के केस में सही समय पर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन ( सीपीआर) नहीं मिलने पर रोगी की मृत्यु हो जाती है। कार्डियक अरेस्ट के केस में यह देखने को मिला है कि सही समय पर सीपीआर मिलने से व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। वहीं सही समय पर सीपीआर नहीं मिलने पर हर एक मिनट में मृत होने की संभावना बढ़ती जाती है और लगभग 6 से 8 मिनट में मरीज की पूर्णतः मस्तिष्क क्षति हो जाती है जिसे मेडिकल भाषा में हाइपोक्सिक ब्रेन डैमेज कहते हैं। यह स्थिति तब निर्मित होती है जब मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है।'' यह जानकारी बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षण देते हुए कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने प्रतिभागी चिकित्सा छात्रों को दी। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आज हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन एवं पेसिंग की प्रैक्टिस करवाई गई। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह एवं इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल हैं। इनके साथ ही श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर की डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी शाह, गुजरात के डॉ. जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर की डॉ. भारती गिंडलानी ने छात्रों को बीएलएस एवं एसीएलएस कोर्स का प्रशिक्षण दिया।

### निगम आयुक्त ने ली गोकुल नगर के मवेशी मालिकों की बैठक

**राजनांदगांव 10 नवंबर।** उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एवं मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटना को ध्यान में रखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने गोकुल नगर के मवेशी मालिकों व डेयरी संचालकों की बैठक लेकर मवेशी खुला न छोडने एवं डेयरी व्यवसाय शहर के बाहर करने की अपील की है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में कहा कि शहर में बढ़ते दुर्घटना को ध्यान में रखते हुये उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार आज गोकुल नगर वासियों की बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि गोकुल नगर में जिन्हें भूमि आबंटित की गयी है वे गोकुल नगर में ही मवेशी बांधकर रखे शहर में खुला न छोडे और वे गोकुल नगर में ही डेयरी संचालित करे। साथ ही गोकुल नगर में जिनकी भूमि है और वे शहर में डेयरी का व्यवसाय कर रहे है वे शहर का व्यवसाय बंद कर गोकुल नगर में आबंटित भूमि में व्यवसाय करे। जिससे शहर में मवेशी नहीं बैठेगे और दुर्घटना से निजात मिलेगा। उन्होने कहा कि जिनके द्वारा गोकुल नगर में भूमि आबंटन के बाद भी उसका उपयोग नहीं कर रहे है उसकी भूमि का आबंटन निरस्त कर दिया जायेगा। आज की बैठक में जो मवेशी मालिक उपस्थित नहीं है उन्हे भी अवगत करावे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कुछ डेयरी व्यवसायियों द्वारा शहर के अंदर डेयरी का व्यवसाय करते है एवं मवेशी भी शहर में रखते है। जिससे गंदगी फैलने के साथ साथ मवेशियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिसे उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान में लिया है, जिसे ध्यान में रखते हुये जिलाधीश महोदय श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर आज डेयरी व्यवसायियों की बैठक बुलाई गयी है।

# पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा है छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम भविष्य

## बच्चों की मुस्कान कर रही है स्कूल के खुशनुमा माहौल का बयान, सर्वसुविधायक्त स्कूल का सपना हो रहा है साकार

**रायपुर,10 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले के 11 स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले की डुन्डेरा शासकीय प्राथमिक शाला, इस योजना की सफलता की एक बानगी मात्र है। पीएमश्री योजना के माध्यम से इस शाला के कायाकल्प को देखकर ही सुखद अनुभूति होती है। इसका एहसास यहां के स्कूली बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान को देखकर सहज ही होता है।

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में पढ़ने वाले बच्चों की मुस्कान स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयान करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना प्राथमिक शाला डुंडेरा में सार्थक हुई है, जहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया है। इस स्कूल को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया गया है। स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए स्कूल परिसर में पौधे रोपित किए गए हैं। स्कूल के फर्श पर सुन्दर टाइल्स लगाए गये है। दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेटिंग बनाई गई हैं।

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर कराया जाता है। स्कूल में 109 बच्चे अध्ययनरत है। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है।

स्कूल में पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है, जहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पाठ्य पुस्तकों को पढने् के लिए प्रेरित करती हैं। लाईब्रेरी में मिसाईल मैन एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है, जैसी प्रेरणादायक पंक्तियां लिखी हुई है। स्कूल में बच्चों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध है। सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे भोजन दिया जाता है, साथ ही बच्चों को खेल सामग्री भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 11 पीएमश्री स्कूल हैं, जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नई पहल की जा रही है। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर किया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के 341 स्कूलों में पीएमश्री योजना शुरू की गई है, जिसके तहत इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे आधुनिक विषयों को भी पढ़ाया जाएगा। पीएमश्री स्कूल अंतर्गत आदिवासी बहुल इलाकों में भी स्कूलों को अपग्रेड किया रहा है, जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक, ज्ञानपरक और कौशल युक्त शिक्षा मिल रही है।

# अन्य राज्यों से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में नहीं आनी चाहिए : आर. शंगीता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 नवंबर।** सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आबकारी विभाग के राजस्व के मददेनजर राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता ने समीक्षा के दौरान कहा कि राजनांदगांव जिले की सीमा अन्य राज्यों से जुड़ी हुई है। इसके दृष्टिगत शराब के अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब, देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा के संबंध में पूर्ण जानकारी रखें। उन्होंने राजनांदगांव जिले तथा अन्य दोनों जिले में राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गहन समीक्षा करते हुए कहा कि अन्य राज्यों से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में नहीं आना चाहिए। इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। बाहर से आने वाले अवैध शराब की जप्ती की कार्रवाई लगातार जारी रखें। उन्होंने जिले में फिल्ड में दुकानों तथा स्थानों में संरचना में सुधार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता ने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित तरीके से कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग तथा पुलिस विभाग संयुक्त रूप से आपस में समन्वय करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण की सूचना मिलने पर अमला एलर्ट रहे और कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शासन के नये निर्देश के अनुसार मदिरा दुकान के आहते में दुकान संचालक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। जिससे किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं असामाजिक तत्वों नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि आबकारी निरीक्षक आरक्षक के साथ निरीक्षण एवं मानिटरिंग का कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को रणनीति बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में आबकारी विभाग के राजस्व के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।



### अधिवेशन में सड़क निर्माण के लिये नवाचार तकनीकों के प्रयोग पर हुई विस्तृत चर्चा

**रायपुर, 10 नवंबर।** राजधानी रायपुर स्थित साईस कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन केन्द्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय श्री अजय टम्टा ने नवीन तकनीकी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से आये केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के निर्माण विभागों के अभियंताओं एवं विशेषज्ञों ने नवाचार तकनीकों का प्रयोग करते हुए सड़क निर्माण एवं उनके रखरखाव के उपायों के बारे में बताया गया। अधिवेशन के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में शिक्षाविदों, सलाहकारों एवं निर्माणकर्ताओं द्वारा सड़क निर्माण में उपयोग आने वाली नवीन उपकरण, मशीनरी, सामग्री और सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में आईआईटी रूड़की से आए रिसर्च स्कॉलर सुश्री प्रीति राय, प्रोफेसर द्वय डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. निखिल साबू ने अपना प्रजेन्टेशन दिया। इसी प्रकार अधिवेशन में आमंत्रित शिक्षाविदों, सलाहकारों, निर्माणकर्ताओं एवं रिचर्स स्कॉलर्स ने सड़क निर्माण एवं संधारण के संबंध में अपना-अपना वक्तव्य दिया। उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में राजमार्ग अनुसंधान बोर्ड की 84वीं बैठक हुई जिसमें एच.आर.बी. के अध्यक्ष एवं निदेशक एवं विशेष सचिव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार श्री डी. सारंगी, आई.आर.सी. के महासचिव श्री एस. के. निर्मल एवं केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, आईआईटी और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे।

## पलांदुर में मारपीट, ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 नवंबर।** चौकी मोहारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पलांदुर में पूर्व सरपंच मानिकलाल वर्मा द्वारा ग्रामीण युवक की बेदर्दी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है. लाठी डंडे से इस कदर पिटाई की गई है कि ग्रामीण भुवन गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया व सर पर गंभीर चोट आने की वजह से पेंड्रि स्थित मेडिकल कालेज रिफर किया गया जहाँ पर मेडिकल ड्यूटी डाक्टर की माने तो ग्रामीण के सिर पर 06 टाँके हाथ में 06 टाँके व एक हाथ की हड्डी टूटना बताया गया. वहीं दूसरी ओर 04 दिन पहले हुई मारपीट के बाद आरोपी के खुलेआम गांव में घुमने व गवाहों को डरा धमका कर प्रभावित करने के प्रयास में ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है. ग्रामीणों की माने तो चर्चा है कि मानिक वर्मा की दादागिरी फिर से चालू हो गई है. बेवजह ग्रामीण सुखदेव पिता सेवक विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है. ग्रामीणों की माने तो पूर्व सरपंच वर्मा ने सार्वजनिक तालाब के किनारे से निकल रहे एक ग्रामीण को बेवजह इसलिए पीट दिया कि उसे शंका हुई कि तालाब में शौच के बहाने मछली पकड़ने के लिए गरी खेल रहा था जिसके बाद लाठी डंडे से ताबड़तोड़ वार कर दिया गया जिससे सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गया.पुलिस ने प्राथमिक तौर पर मारपीट की धारा 296, 115 2, 351 2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मोहारा चौकी प्रभारी ढालसिंह साहू ने बताया कि कल जिला अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति की डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अन्य धारा जोड़कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। इस तरह बेवजह मारपीट की घटना को नजर अंदाज नहीं कर सकते।



ग्रामीणों की मानें तो पूर्व सरपंच श्री वर्मा के पूर्व में भी कई ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट के मामले है व चर्चा रही की अपने राजनीतिक प्रभाव के कारण छूट जाने से इसके हौसले बुलंद रहते है. ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी जमीन पर बने सार्वजनिक तालाब को फर्जी रूप से अपनी पत्नी व बच्चों के नाम पर कुटरचना कर चढ़ा लिया गया है जिसकी शिकायत पर मामला न्यायालय में लंबित है उसके बावजूद दादागिरी कर तालाब पर अघोषित रूप से कब्जा बना ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है.

आए दिन मानिक वर्मा के द्वारा ग्रामीणों से मारपीट कर घायल कर देने से ग्रामीण आहत हो चुके है जिसकी उच्च स्तरीय शिकायत कर श्री वर्मा पर कठोर कार्यवाही को लेकर ग्रामीण लामबुद्ध दिखाई पड़ रहे थे।

## राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस का व्यापक आयोजन 15 नवंबर को

**रायपुर,10 नवंबर।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 15 नवंबर को राजधानी रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राजधानी रायपुर के अलावा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों में दो तरफा संवाद एवं शेष जिलों में केवल प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जमुई, बिहार से गौरव दिवस का शुभारंभ कर संबोधित करेंगे। इस मौके पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में केन्द्र व राज्य के मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय परिवार के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं उनके वंशजों को सम्मानित किया जाएगा। पी.एम. जनमन एवं ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत ग्राम स्तर, विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही 15 से 26 नवंबर, 2024 तक सभी चिन्हांकित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार अधिनियम, पेसा अधिनियम, सतत् विकास लक्ष्य का पंचायत स्तर पर स्थानीयकरण एवं गौरवशाली जनजातीय इतिहास के बारे में चर्चा की जाएगी।जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर और छात्रावास-आश्रमों एवं प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## गोकुल नगर में आबंटित भूमि पर मवेशी बांधकर रखने की अपील

# निगम आयुक्त ने ली गोकुल नगर के मवेशी मालिकों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 नवम्बर।** उच्च न्यायालय के आदेशानुसार एवं मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटना को ध्यान में रखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने गोकुल नगर के मवेशी मालिकों व डेयरी संचालकों की बैठक लेकर मवेशी खुला न छोडने एवं डेयरी व्यवसाय शहर के बाहर करने की अपील की है।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में कहा कि शहर में बढ़ते दुर्घटना को ध्यान में रखते हुये उच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार आज गोकुल नगर वासियों की बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि गोकुल नगर में जिन्हें भूमि आबंटित की गयी है वे गोकुल नगर में ही मवेशी बांधकर रखे शहर में खुला न छोडे और वे गोकुल नगर में ही डेयरी संचालित करे। साथ ही गोकुल नगर में जिनकी भूमि है और वे शहर में डेयरी का व्यवसाय कर रहे है वे शहर का व्यवसाय बंद कर गोकुल नगर में आबंटित भूमि में व्यवसाय करे। जिससे शहर में मवेशी नहीं बैठेगे और दुर्घटना से निजात मिलेगा। उन्होने कहा कि जिनके द्वारा गोकुल नगर में भूमि आबंटन के बाद भी उसका उपयोग नहीं कर रहे है उसकी भूमि का आबंटन निरस्त कर दिया जायेगा। आज की बैठक में जो मवेशी मालिक उपस्थित नहीं है उन्हे भी अवगत करावे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कुछ डेयरी व्यवसायियों द्वारा शहर के अंदर डेयरी का व्यवसाय करते है एवं मवेशी भी शहर में रखते है। जिससे गंदगी फैलने के साथ साथ मवेशियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिसे उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान में लिया है, जिसे ध्यान में रखते हुये जिलाधीश महोदय श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर आज डेयरी व्यवसायियों की बैठक बुलाई गयी है। उन्होने कहा कि आप सब अपना मवेशी गोकुल नगर में ही रखे, शहर मे न छोडे। गोकुल नगर के पास के रहवासियों द्वारा मवेशी छोडने की शिकायत प्राप्त होती है, जिसके निराकरण के लिये गोकुल नगर के आस पास की रिक्त भूमि में मवेशी चराने लेजावे और आपके आदमी उनके साथ रहे, चराने के पश्चात वापस गोकुल नगर में लावे, सड़क में खुला न छोडे। गोकुल नगर वासियों ने कहा कि हमारे द्वारा मवेशी नही छोडा जाता, गांव के लोग मवेशी लाकर छोड देते है, उन्होंने दुर्घटना से बचने सहयोग का आश्वासन देते हुये कहा कि अपने साथियो को भी इस संबंध में अवगत कराया जावेगा। उन्होंने गोकुल नगर की समस्या अंतर्गत तालाब की सफाई, नाली व रोड की सफाई, बंद लाईटे चालू कराने के अलावा अस्पताल चालू करने की मांग रखी। जिसपर आयुक्त ने कहा कि साफ सफाई लाईट की व्यवस्था की जायेगी हास्पिटल के लिये पशु चिकित्सालय में बात की जायेगी। उन्होंने दुर्घटना से बचने मवेशी बांधकर रखने तथा अन्य लोगों को समझाईस देने की अपील की।

## समाचार संक्षेप

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़ 10 नवंबर।** राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीष दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वरिष्ठ भूपत सिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कनिष्ठ शैलेश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में 09 नवंबर 2024 को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 11ः00 बजे राष्ट्रीय विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। छात्र - छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के विषय पर तथा समाज एवं देश के विकास में महती भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया गया। आयोजित शिविर को संबंधित करते हुए में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनीश दुबे ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतू जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है तथा उनके द्वारा पॉक्सो अधीनियम के विभिन्न धाराओं को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियो को बताया गया । राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के लिए निःशुल्क प्रवीण और कानूनी सेवाओं की पेशकश करना है, यह कमजोर वर्गों के लोगों को मुफत सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी करता है। पश्ताच न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भूपत सिंह साहू एवं शैलेश कुमार वशिष्ठ जी द्वारा घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा एवं नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे मे जानकारी प्रदान किया गया। शिविर की संचालन प्राचार्या महोदया ई. रेवती द्वारा शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा इस शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जशपुर जिले के दो खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



**रायपुर, 10 नवंबर।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा (तीरंदाजी) प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 24 तक रायपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जशपुर जिले में जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित तीरंदाजी केंद्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) वर्ग के खिलाड़ी मनोज राम ने अंडर 17 वर्ष कम्पाउन्ड राउण्ड में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। इसी प्रकार खिलाड़ी श्री आकाश राम ने अंडर 14 वर्ष कम्पाउन्ड राउण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की खेल को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सतत् प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर जिले के दोनों खिलाड़ियों को खेल की क्षेत्र में आगे बढ़ाने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं और राज्य का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। ज्ञातव्य है कि 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा (तीरंदाजी) प्रतियोगिता प्रदेश भर के पांचों संभागों से लगभग 350 से भी ज्यादा तीरंदाज शामिल हुए जिसमें जिला प्रशासन जशपुर के तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के 6 तीरंदाजों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इस तीरंदाजी प्रतियोगिता में विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) वर्ग के खिलाड़ी मनोज राम ने अंडर 17 वर्ष राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। वह प्रतियोगिता 11 नवंबर से 12 नवंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए चयनित टीम आज रायपुर से गुजरात के लिए रवाना हुई। इसी प्रकार अंडर 14 वर्ष राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 19 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक गुजरात के नाडियाड में आयोजित होगी, जिसके लिए जशपुर जिले से श्री आकाश राम चयनित हुआ है, वह टीम के साथ 17 दिसम्बर 2024 को रायपुर से नाडियाड के लिए रवाना होगा।

## हप्पू की उलटन पलटन ने पूरे किए 1400 एपिसोड!

लोकप्रिय कॉमेडी शो हप्पू की उलटन पलटन, जिसे संजय और बिनैफर कोहली ने प्रोड्यूस किया है, ने हाल ही में 1400 एपिसोड पूरे करने का शानदार कीर्तिमान हासिल किया। इस मौके का जश्न सेट पर



पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें चैनल, पूरी कास्ट और क्रू उपस्थिति रही। मुख्य कलाकारों में गीतांजलि मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, हिमानी शिवपुरी, सोनल पंवार, ज़ारा वारसी और सौम्या आज़ाद शामिल थे। &TV पर प्रसारित होने वाला हप्पू की उलटन पलटन अपने अनोखे हास्य और मनोरंजक कहानी के लिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है। इस विशेष अवसर पर शो की टीम ने अपनी इस यात्रा में दर्शकों के अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। जश्न के दौरान हंसी-मजाक, साझा यादों और एकता की भावना से भरा माहौल था, जिससे कास्ट और क्रू के बीच का मजबूत बंधन झलक रहा था।

## ऐतिहासिक मनोरंजक धारावाहिक 'तेनाली रामा' इसी दिसंबर से

सोनी सब ने टेलीविजन पर महान तेनाली रामा की वापसी की घोषणा की है। यह बहुप्रतीक्षित शो इस दिसंबर में लॉन्च किया जा रहा है। यह शो भारतीय आइकन तेनाली के जीवन का जश्न मनाता है, जो अपने जीवन में सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। एक समय विजयनगर के राजा के सम्मानित सलाहकार रहे तेनाली अब एक पतित नायक हैं, जिन्हें बहिष्कृत कर दिया गया है। उन्हें नागरिकों के क्रोध का सामना करना पड़ रहा है। अपनी शानदार बुद्धि, हास्य, आकर्षक व्यक्तित्व के लिए मशहूर तेनाली को अपना उद्देश्य मिल जाता है। वह राज्य को सामने आए खतरे से बचाने के लिए विजयनगर वापस लौटता है। अपनी चतुराई के साथ ही कई अधिक गुणों से लैस तेनाली सहानुभूति और भावनात्मक गहराई के साथ लौटता है, जो उसे पहले से कहीं अधिक मानवीय बनाता है। शो के बारे में बात करते हुए, तेनाली की भूमिका निभाने वाले कृष्ण भारद्वाज ने कहा, "तेनाली को स्वर्ण युग के भारत के सबसे बेहतरीन विद्वानों में से एक के रूप में जाना जाता है। दर्शक उन्हें एक बुद्धिमान व्यक्ति और गुरु के रूप में देखेंगे, जो उन्हें सभी उम्र के दर्शकों के लिए प्रासंगिक बनाता है।



## साल की सबसे बहुप्रतीक्षित नवोदित अभिनेत्री, राशा थडानी ने 'आज़ाद' के पोस्टर में अपनी चमक बिखेरी

इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित नवोदित अभिनेत्री, राशा थडानी, अपनी आगामी फिल्म 'आज़ाद' से अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं, जिसका नया पोस्टर आज जारी किया गया है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र में राशा थडानी को एक नए और ताजगी भरे चेहरे के रूप में दिखाया गया है, जो पहले की तरह ही मीठी और खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनकी आकर्षक और मासूम छवि ने पहले ही प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। राशा ने पहले ही जनता का ध्यान आ र्कित कर लिया है और वह उद्योग में सबसे लोकप्रिय नए चेहरों में से एक हैं। अपने डेब्यू से पहले ही उन्हें अक्सर शहर में देखा गया है, और वह अपनी असाधारण प्रतिभा और मनमोहक स्क्रीन उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। राशा थडानी, जो अमान देवगन के साथ अपना डेब्यू कर रही हैं, अपनी असाधारण प्रतिभा और दिलकश स्क्रीन उपस्थिति के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। 'आज़ाद' एक दृश्य और भावनात्मक यात्रा होने का वादा करती है, जो स्वतंत्रता-पूर्व भारत में एक परिवार और उनके घोड़े के गहरे संबंध को उजागर करती है। जनवरी 2025 में रिलीज़ होने वाली इस फिल्म में अजय देवगन, डायना पेंटी और मोहित मलिक जैसे सितारे भी शामिल हैं।




## बिग बॉस फेम आदिश वैद्य और गायिका जाई देशमुख का रोमांटिक गाना 'कशी ओढ़' रिलीज़

पैनोरमा म्यूजिक का नया रोमांटिक गाना कशी ओढ अब श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने आ गया है। इस गाने में बिग बॉस फेम अभिनेता आदिश वैद्य और जानी-मानी गायिका जाई देशमुख मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसे जाई देशमुख ने अपनी खूबसूरत आवाज में गाया है, और संगीत अमेय मुले द्वारा कंपोज़ किया गया है। प्रसिद्ध गीतकार अम्बरीष अरुण देशपांडे ने इसके बोल लिखे हैं, जो प्रेम और तड़प की गहराई को दर्शाते हैं। गाने का निर्देशन अमोल तुमने ने किया है, जबकि प्रोडक्शन की जिम्मेदारी भी जाई देशमुख ने खुद निभाई है। यह गाना मासूम बचपन के प्रेम और उसकी मधुर यादों को ताजगी भरे अंदाज में प्रस्तुत करता है, जो हमें पुरानी यादों में वापस ले जाता है। आदिश वैद्य ने कशी ओढ में काम करने के अनुभव को साझा करते हुए कहा, "जब मुझे इस गाने का ऑफर मिला, तो इसे सुनते ही मैंने तुरंत हामी भर दी। शूटिंग के दौरान सेट पर बहुत मजा आया। रिहर्सल के लिए समय नहीं मिल पाया था, इसलिए शूटिंग के समय थोड़ा नर्वस था। फिर भी, जाई और मैंने एक ही टेक में शूट पूरा किया, जिससे जल्दी पैकअप हो गया और सभी लोग समय पर घर जा सके। सोशल मीडिया पर टीजर और गाने को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स देखकर दिल से सभी का शुक्रगुजार हूं।"



## विवा एसीपी ने क्लैडिंग इनोवेशन में एक नए युग की शुरुआत करते हुए सुपरस्टार अनिल कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

विवा, एशिया का सबसे बड़ा एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) निर्माता और सप्लायर, सुपरस्टार अनिल कपूर को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह ऐतिहासिक साझेदारी एसीपी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे विवा को कपूर जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेलिब्रिटी के साथ सहयोग करने वाला पहला ब्रांड बनाया गया है। अभिनेता का प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और बहुमुखी करियर नवीनता और गतिशील ऊर्जा की उसी भावना को दर्शाता है जिसने वास्तुशिल्प डिजाइन में क्रांति लाने में वीवा एसीपी की यात्रा को परिभाषित किया है। दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, विवा एसीपी उच्च गुणवत्ता, स्टाइलिश, और टिकाऊ क्लैडिंग समाधानों के लिए मानक स्थापित करता है। यह न केवल भवनों के फसादों को फिर से परिभाषित करता है, बल्कि आधुनिक आंतरिक समाधानों की पेशकश करता है। विवा के उत्पाद अपनी कटिंग-एज तकनीक के लिए जाने जाते हैं, जिसमें 4 रंग कोटिंग जैसी उद्योग की प्रथम नवाचार शामिल हैं। 500 से अधिक शेड्स के साथ, विवा एसीपी आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर्स डिजाइनर्स और प्रोजेक्ट डेवलपर्स के बीच एक शीर्ष पसंद बन गया है।



## जसलीन रॉयल का 'साहिबा' पोस्टर रिलीज़

अपनी ग्लोबल हिट हीरिये की शानदार सफलता के बाद, बहु-प्रतिभाशाली संगीतकार और गायक जसलीन रॉयल, जो अब निर्माता भी बन चुकी हैं, अपने नए गाने ₹साहिबा₹ के साथ एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। इस बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो का पोस्टर आज आधिकारिक रूप से जारी किया गया है, जिसमें सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और दमदार कलाकार राधिका मदान की पहली बार जोड़ी दिखाई दे रही है। साहिबा एक टाइमलेस प्रेम गीत होने का वादा करता है और इसे साल का सबसे हिट गाना बनने की उम्मीद है। अपने अनोखे संगीत शैली और दिल छू लेने वाली रचनाओं के लिए जानी जाने वाली जसलीन रॉयल ने इस प्रोजेक्ट में अपनी पूरी आत्मा उड़ेल दी है, जिससे एक ऐसा रचना तैयार हुई है जो दुनिया भर के फैन्स के दिलों में गूंजेगी। जसलीन रॉयल ने अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, ₹साहिबा को बनाना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह गाना मेरे दिल के बेहद करीब है, और मैं सभी को इस जादू का अनुभव कराने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। विजय और राधिका के साथ काम करना जादुई था, और उनकी केमिस्ट्री ने म्यूजिक वीडियो में एक नया आयाम जोड़ा है। जसलीन और राधिका के साथ अपनी पहली साझेदारी करते हुए विजय देवरकोंडा ने अपनी भावनाएं साझा कीं: साहिबा पर काम करना एक बेहद खुशी की बात रही है।




## आसिफ ने शाहरूख-सलमान की 'करण अर्जुन' में 'व्हाट ए जोक' के पीछे की असली कहानी बताई!

आसिफ शेख ने चालीस साल के अपने शानदार कॅरियर में अस्सी से ज्यादा फिल्मों में काम करके स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरा है। और उनके हर किरदार ने अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का जो चित्रण किया है, उसे दर्शकों ने काफी सराहा है। खासकर विभूति की सिग्नैचर लाइन 'आई एम सॉरी' ने दर्शकों का दिल जीता है। उनके कॅरियर की एक और यादगार लाइन है ''व्हाट अ जोक'', जो शाहरूख खान और सलमान खान की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म करण अर्जुन में उनके किरदार सूरज सिंह ने कही थी। यह लाइन भी अब तक प्रशंसकों के मन में बसी है। उस फिल्म में सूरज सिंह का किरदार निभाने का अनुभव याद करते हुए, आसिफ ने पर्दे के पीछे की एक दिलचस्प जानकारी दी है। उन्होंने बताया, ''जब करण अर्जुन के निर्देशक राकेश रोशन ने पहली बार मुझे इस भूमिका के बारे में बताया, तब उन्होंने जोर देकर कहा था कि 'व्हाट अ जोक' सिर्फ एक लाइन नहीं, बल्कि सूरज के चरित्र का सार है। उन्हें हर बात पर सूरज का रिएक्शन चाहिये था.



## शहीर शेखः 'मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है', 'दो पत्ती' में ग्रे कैरेक्टर के ट्रांज़िशन पर

महाभारत टीवी सीरीज़ में अर्जुन के रूप में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध अभिनेता शहीर शेख को फिल्म 'दो पत्ती' में ध्रुव सूद के उनके किरदार के लिए बहुत सराहना मिल रही है, जो उनके बॉलीवुड डेब्यू का भी प्रतीक है और उनके विविध भूमिकाओं को निभाने की क्षमता को दर्शाता है। अपने गहन और भयावह प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले शेख ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को मोहित किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, शहीर से पूछा गया कि उन्होंने ग्रे कैरेक्टर निभाने का निर्णय क्यों लिया, जो उनके सामान्य चॉकलेट बॉय किरदारों से बिल्कुल अलग है। उन्होंने इस बारे में अपने विचार साझा किए और कहा, ₹मेरे लिए समस्या होती अगर पूरी फिल्म में इस किरदार को महिमामंडित किया गया होता और उसे अंत में सजा न दी जाती, लेकिन संदेश सही है। उसे अंत में सजा मिलती है, और यह आवश्यक है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹साथ ही, इससे मुझे कई तरह की भावनाएं व्यक्त करने का मौका मिलता है। मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक अच्छा, चुनौतीपूर्ण किरदार होगा। और मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है, मुझे लगता है।₹



## मृणाल कुलकर्णी स्टारर हिंदी फ़िल्म 'ढाई आखर' का ट्रेलर व संगीत लॉन्च

भारतीय सिनेमा में साहित्यिक कृति को पर्दे पर प्रस्तुत करने की एक समृद्ध परंपरा रही है। भले ही पिछले कुछ वर्षों में ऐसा नहीं हुआ है मगर अब फ़ल्मि निर्देशक प्रवीन अरोड़ा ने हिंदी साहित्य की एक कहानी को फ़िल्म 'ढाई आखर' का रूप दे दिया है। निर्माता जेपी अग्रवाल इस फ़ल्मि को प्रेजेंट कर रहे हैं और 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज भी कर रहे हैं। हिन्दी और मराठी फिल्मों की विख्यात अभिनेत्री मृणाल कुलकर्णी ने फिल्म में 'र्हिता' की मुख्य भूमिका निभाई है वहीं फिल्म और थिएटर के जाने माने अभिनेता हरीश खन्ना और प्रसिद्ध मराठी अभिनेता रोहित कोकाटे ने भी अहम किरदार निभाए हैं। मुम्बई में इस फ़ल्मि का ट्रेलर और म्युज़कि लांच किया गया इस अवसर पर मृणाल कुलकर्णी, निर्माता प्रेजेंटर जेपी अग्रवाल, निर्देशक प्रवीन अरोड़ा, संगीतकार अनुपम राय और विख्यात गायिका कविता सेठ मौजूद थीं।

फ़ल्मि का ट्रेलर प्रभावित करता है। स्टोरी घरेलू हिंसा की शिकार महिला के अपनी पहचान खोजने की कोशिश में किये गए संघर्ष को बखूबी बयान करती है। फ़ल्मि का संवाद कहीं अंदर तक असर कर जाता है ₹जहां बंधन होता है वहां प्यार नहीं होता और जहां प्यार होता है



## अभिनेत्री डेलबर आर्या की डेब्यू OTT सीरीज के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें आईं सामने

पंजाबी फिल्मों और कई बॉलीवुड म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री डेलबर आर्या अब ओटीटी की दुनिया में अपना पहला कदम रखने जा रही हैं। दिलबर को हाल ही में एक बड़े बॉलीवुड ओटीटी प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है, जो उनके करियर का एक नया और रोमांचक चरण है। इंटरनेट पर दिलबर आर्या और श्रीकांत वर्मा के साथ की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। श्रीकांत वर्मा 'मिर्जापुर', 'दसवी', 'दम लगा के हईशा' जैसी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, जिससे इस नई सीरीज के लिए लोगों का उत्साह बढ़ रहा है। इन तस्वीरों में दोनों की केमिस्ट्री और प्रोजेक्ट के लिए उनका उत्साह साफ दिखाई दे रहा है, जिससे फैंस और भी उत्साहित हो गए हैं। हालांकि, सीरीज़ का नाम और कहानी फिलहाल गुप्त रखी गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ये एक रोमांचक वेब सीरीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नागेन्द्र चौधरी कर रहे हैं। खबर ये भी है कि दिलबर आर्या के साथ-साथ इस सीरीज में 90 के दशक के एक दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता भी नजर आएंगे जिसका नाम जल्द ही ररिवील किया जायेगा । दिलबर की इन तस्वीरों से उनके प्रशंसकों में उत्सुकता और भी बढ़ गई है।



## राधिका मदान 'सूबेदार' की शूटिंग के लिए लखनऊ रवाना,उनके साथ अनिल कपूर मुख्य भूमिका में

प्रतिभाशाली अभिनेत्री राधिका मदान ने बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्मकार सुरेश त्रिवेणी ने किया है, जिसमें राधिका मदान श्यामा का किरदार निभा रही हैं, जो अनिल कपूर के किरदार सूबेदार अर्जुन मौर्य की बेटी है। अब जब राधिका मदान लखनऊ के लिए रवाना हो गई हैं, तो टीम सूबेदार के कुछ महत्वपूर्ण दृश्य लखनऊ में फिल्माएगी।श्यामा के रूप में राधिका को देखना दिलचस्प होगा, जो अर्जुन मौर्य की दृढ़ और साहसी बेटी का किरदार निभा रही हैं। पिता-पुत्री की इस जोड़ी का फिल्म में भावनात्मक पहलू को पर्दे पर लाने की उम्मीद है। सूबेदार ओपनिंग इमेज फिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क (AKFCN) का संयुक्त प्रोडक्शन है, जिसमें विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी निर्माता हैं। यह अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म एक्शन, ड्रामा और भावनाओं का अनोखा मिश्रण पेश करने का वादा करती है, जिससे यह शैली के प्रशंसकों के लिए एक ज़रूर देखने लायक फिल्म बन जाएगी और दर्शकों को एक अनूठा सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगी।



## निशानेबाज़ी और टैटू पड़ी भारी!

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में आगे दिखाई जाने वाली कहानियां किरदारों के लिये रोमांचक मोड़ लेकर आयेंगी। 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''रणबीर (सौम्य आज़ाद) अपने परिवार वालों को खुशी-खुशी बताता है कि उसका सेलेक्शन तीरंदाजी टीम में हो गया है। अपने बेटे पर गर्व करते हुए, हप्पू अपनी तीरंदाजी की कहानियाँ बढ़ा-चढ़ाकर सुनाने लगता है। एक दिन पुलिस स्टेशन जाते समय, हप्पू देखता है कि एक चोर मंत्री के पीए का पर्स लेकर भाग रहा है। हप्पू और पीए मिलकर चोर का पीछा करते हैं और उसे रोकने की कोशिश में गलती से हप्पू का तीर पीए को ही लग जाता है, जिससे पीए गुस्से में आकर हप्पू को सस्पेंड करवा देता है। इस पर कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) सलाह देती है कि हप्पू की ओर से कमिश्नर (किशोर भानुशाली) पीए से बात करे और हप्पू को सुधारने के लिए सात दिन का मौका दिलवाएं। तय होता है कि सातवें दिन हप्पू एक सेब को कमिश्नर के सिर पर निशाना बनाकर अपनी तीरंदाजी में सुधार साबित करेगा। कमिश्नर के कहने पर पीए मान जाता है। इसके बाद मलाइका (सोनल पवार) हप्पू को ट्रेनिंग देने का जिम्मा उठाती है, लेकिन हप्पू के तीर हर बार निशाने पर लगने के बजाय गब्बर (साहेब दास



## गेम चेंजर का खुमार छाया लखनऊ में: कियारा आडवाणी और राम चरण की बहुप्रतीक्षित टीज़र का अनावरण

पैन-इंडिया फिल्म 'गेम चेंजर' का बहुप्रतीक्षित टीज़र, जिसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है और जिसमें कियारा आडवाणी और राम चरण मुख्य भूमिकाओं में हैं, आखिरकार रिलीज़ हो गया है। निर्माताओं ने लखनऊ में इस टीज़र का भव्य अनावरण किया, जहां दर्शक अपनी पसंदीदा अभिनेत्री कियारा आडवाणी को देखकर उत्साहित हो उठे। लखनऊ में कियारा आडवाणी और राम चरण के साथ हुए इस टीज़र लॉन्च इवेंट में फैन्स का सैलाब उमड़ पड़ा। गॉर्जियस और बहुमुखी कियारा आडवाणी पहली बार राम चरण और प्रशंसित निर्देशक एस. शंकर के साथ टीम बना रही हैं, और टीज़र में उनकी झलक ताजगी और आकर्षण से भरपूर है। पिछले कुछ वर्षों में, कियारा ने अपने दमदार अभिनय और कुछ आइकॉनिक किरदारों के कारण पैन-इंडिया पहचान बनाई है, और 'गेम चेंजर' ने उनके करियर में एक और पैन-इंडिया सफलता का ताज जोड़ दिया है। इस बात में कोई शक नहीं कि कियारा आडवाणी की स्क्रीन प्रेजेंस जादुई है, और फैंस एवं दर्शक उनकी और राम चरण की केमिस्ट्री को बेहद पसंद कर रहे हैं। राम चरण का नाम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में गूंजता है। गेम चेंजर₹ एक सिनेमाई महाकाव्य बनने के लिए तैयार है, जो 9 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।



## सानंद वर्मा ने छठ पूजा से अपने गहरे लगाव के बारे में बताया

सानंद वर्मा को एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनोखेलाल सक्सेना की अनोखी और मजेदार भूमिका निभाने के लिये जाना जाता है। सानंद के मन में छठ पूजा के लिये बड़ी श्रद्धा है और यह त्यौहार उन्हें बहुत पसंद भी है। सानंद बिहार के हैं और छठ पूजा को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, शुद्धि एवं सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मानते हैं। पारंपरिक पृष्ठभूमि के परिवार से आने के कारण उनका मानना है कि यह त्यौहार लोगों और समाज के साथ जुड़ाव को मजबूत बनाता है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपने मन की बात बताई और छठ पूजा मनाने का तरीका भी बताया। छठ पूजा के दौरान सब-कुछ बदल जाता है। शहर और कस्बे तरोताजा और साफ-सुथरे दिखाई देते हैं। पूरा समाज एकजुट हो जाता है और त्यौहार का महत्व बढ़ाने के लिये अपने-अपने तरीकों से योगदान देता है। गरीबों को भोजन कराया जाता है, गलियों की सफाई में मदद की जाती है और गंगा नदी की सफाई में भी हिस्सा लिया जाता है। माहौल बहुत ही सकारात्मक हो जाता है और सारी नकारात्मकता गायब हो जाती है। मैं जब भी छठी मैया के गीत सुनता हूँ, तब मेरी आँखों में आंसू आ जाते हैं। छठी मैया का प्रसाद खाने से ऐसा लगता है मानो अमृत मिल रहा हो।



## एक्ट्रेस ने पर्दे के पीछे के मजेदार पलों को भी शेयर किया

इलाक्षी गुप्ता, जो जी टीवी के शो 'हमारा परिवार' में साक्षी का किरदार निभा रही हैं, ने हाल ही में एक खास दिवाली एपिसोड होस्ट किया। इस एपिसोड में उन्होंने 'सारेगामापा' के सभी जजों और कंटेस्टेंट्स का इंटरव्यू लिया। इसमें गुरू रंधावा, सचेत-परंपरा, सचिन-जिगर जैसे जाने-माने सिंगर्स और म्यूज़िकल जोड़ी शामिल थे। एलाक्षी ने इस खास मौके पर कई मज़ेदार पल साझा किए और बीटीएस (पर्दे के पीछे) तस्वीरें भी डालीं, जिससे दर्शकों को इन म्यूजिक सितारों के साथ गहरी और हंसी-ठिठोली भरी बातचीत देखने को मिली। इलाक्षी गुप्ता ने इस एपिसोड को होस्ट करने पर अपनी खुशी जताते हुए कहा, ₹मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इन सब का इंटरव्यू लेने और मस्ती करने का मौका मिलेगा। उनकी गाने की कला के साथ-साथ वे सभी बहुत अच्छे इंसान भी हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा और मुझे यकीन है कि मेरे शो के जरिए फैंस ने भी अपने पसंदीदा सिंगर्स को एक व्यक्तिगत अंदाज में जाना। यह दिवाली स्पेशल एपिसोड था और हम सबने बहुत मज़ा किया। हमारे हर एपिसोड को जिस तरह का प्यार और प्रतिक्रिया मिल रही है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ।



## छत्तीसगढ़ी फिल्म 'तीजा के लुगरा 2' का टीजर रिलीज,22 नवंबर से फिल्म का प्रदर्शन

वी आर फिल्म नागपुर के प्रोडक्शन में बनी छत्तीसगढ़ी मल्टी स्टारर फिल्म में जिसमें दो सुपर स्टार एवं जाने-माने कलाकारों ने अभिनय किया है। आज रविवार को फिल्म का टीजर एवीएम गाना में रिलीज हुआ जिसको दर्शक काफी पसंद कर रहे है पूर्व में फिल्म के गीत संगीत दर्शकों के जबान में छाए हुवे है !फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी, कुंदन मार्कर निर्देशक जी विजय ने बताया कि फिल्म में भरपूर पारिवारिक मनोरंजक मसाला है जो हर वर्ग को पसंद आएगी फिल्म में सुपर स्टार करन खान एवं प्रकाश अवस्थी की जुगल बंदी दिखाई देगी कलाकारों में रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे,रिंकू रज़ा, पुष्पेंद्र सिंह,उर्वशी साहू,पवन गुप्ता,संतोष निषाद, संजू साहू ,पायल साहू लता राही खुशी गुमगांवकर,करीम खान शांतनु की अभिनय की जुगल बंदी दिखाई देगीफिल्म में गीत डॉ पीसी लाल यादव, मौनी लाला का है गानों को संगीत से सजाया है सुनील सोनी ने ,तीजा के लुगरा 2 के कोरियोग्राफ किया है विलास राउत दिलीप बैस ने। वी आर फिल्म के बैनर तले बनी फिल्म तीजा के लुगरा 2 के सभी गीत कर्णप्रिय हैं इस फिल्म के सह निर्माता है सीमा दिनेश थोपे,अमित जैन है फिल्मांकन जितेंद्र भारद्वाज,पवन रेड्डी ने किया है सहायक निर्देशन का भार संतोष फुंडे विजय बोरकर, साक्षी गुमगांवकर ने निभाया है फिल्म 22 नवंबर को प्रदेश में रिलीज हो रही है फिल्म के वितरक शिवम् इंटरप्राइजेज लकी रंगशाही है।




## लव और कुश ने अश्वमेध के घोड़े को रोका

सोनी सब के श्रीमद् रामायण में श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) की महाकाव्य कहानी बताई गई है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने लव (शौर्य मंदोदरा) और कुश (अथर्व शर्मा) को अश्वमेध यज्ञ देखने के लिए अयोध्या में प्रवेश करते और आखिरकार अपने आदर्श श्री राम से मिलते देखा। हालांकि, वे दिव्य जोड़े के अलग होने की सच्चाई जानकर निराश और हैरान रह गए। आने वाले एपिसोड में जैसे ही अश्वमेध यज्ञ अपने अंत के करीब पहुंचता है, शत्रुघ्न (समर्थ्य गुप्ता) को पवित्र घोड़े की जिम्मेदारी दी जाती है। इस बीच, लव और कुश अभी भी इस बात का जवाब खोज रहे हैं कि श्री राम और सीता अलग क्यों हुए, एक सच्चाई जो उनके प्रयासों के बावजूद उनसे दूर हो गई है। भाग्य शत्रुघ्न को उनके रास्ते में लाता है, लेकिन एक नई चुनौती तब सामने आती है जब लव और कुश अश्वमेध के घोड़े को रोकने में कामयाब हो जाते हैं, इस उम्मीद में कि भगवान राम उनके पास आएंगे, जिससे वे सीता से उनके अलग होने के बारे में जवाब खोजने के करीब पहुंच जाएंगे।



## कशिका कपूर की पहली पैन इंडियन टॉलीवुड फिल्म लव यू फादर का पोस्टर रिलीज़

"मैं लव यू फादर टीम की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया, यह मेरी पहली पैन-इंडियन, बहुभाषी फिल्म है, जो एक खूबसूरत प्यार भरी कहानी पर आधारित है," कशिका कपूर ने अपनी टॉलीवुड फिल्म लव यू फादर के पोस्टर लॉन्च होने पर कहा कशिका कपूर, जिन्होंने हाल ही में अपने बॉलीवुड डेब्यू फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास में गीता की भूमिका से दर्शकों का दिल जीता, अब अपनी नई पैन-इंडियन टॉलीवुड फिल्म लव यू फादर के साथ एक नए सफर की शुरुआत करने जा रही हैं। इस फिल्म के निर्देशक पवन केथाराजू हैं, जो पुष्पाः द राइज के सह-निर्देशक के रूप में प्रसिद्ध हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। लव यू फादर का पहला आधिकारिक पोस्टर कशिका ने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिससे फिल्म को लेकर रोमांच और बढ़ गया। इस दिल छू लेने वाली पोस्ट में कशिका कपूर और श्री हर्षा मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की झलक दिखाता है। इस पोस्टर के साथ ही मुख्य जोड़ी को दर्शकों के सामने पेश किया गया। इसके अलावा, अनुभवी अभिनेता नवाब शाह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म एक पिता और बेटे के गहरे रिश्ते की कहानी है।




## कलाकारों ने अपने अभिनय के सफर में शिक्षा का महत्व बताया

जब हम अपने पसंदीदा कलाकारों को पर्दे पर दमदार अभिनय करते देखते हैं, तो लगता है मानो वे अभिनय के लिए ही बने हों। लेकिन सच तो यह है कि इनमें से कई कलाकारों ने थिएटर में कठोर प्रशिक्षण से अपने हुनर को निखारा है, और इसके साथ-साथ उन्होंने अपनी औपचारिक शिक्षा को भी बरकरार रखा है। इस नेशनल एजुकेशन डे पर एण्डटीवी के मशहूर कलाकार अपनी कहानियाँ साझा कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और सीखते रहने की लगन ने उनकी यात्रा को नया आयाम दिया है। इन कलाकारों में शामिल हैं- रवि महाशब्दे (अटल), स्मिता सेबल (भीमा), हिमानी शिवपुरी (हप्पू की उलटन पलटन) और आसिफ शेख (भाबीजी घर पर हैं)। 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे रवि महाशब्दे ने बताया, '' मुझे बहुत कम उम्र से ही साहित्य से लगाव हो गया था, और इसी वजह से मैंने कला में स्नातक की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में, मैं थिएटर और नाट्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता था, जिससे मुझे किरदारों की गहराई को समझने का अवसर मिला, जिसने मेरी अभिनय के प्रति जुनून को और बढ़ाया। स्नातक के बाद भी मैंने अभिनय कार्यशालाओं में भाग लेना जारी रखा ताकि अपनी कला को और निखार सकूं। इस तरह अकादमिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव को मिलाकर मैंने अपने हुनर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज लोग मुझे एक बहुमुखी कलाकार के रूप में जानते हैं और मेरे किरदार में गहराई और सजीवता की तारीफ करते हैं.

## जॉर्जिया एंड्रियानी मधुबन डिज़ाइन के शानदार लाल ब्राइडल लहंगे में बिखेरी खूबसूरती

जॉर्जिया एंड्रियानी की रॉयल ब्राइडल लुक में हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया जब उन्होंने हरष और अंकुश कोट्योर के डिजाइन किए हुए शानदार लाल लहंगे में फोटोशूट कराया। यह फोटोशूट फैबलुक मैगजीन के कवर के लिए खास तौर पर किया गया था। यह लहंगा पारंपरिक कारीगरी का अनूठा उदाहरण है, जिसे मधुबन के हरे-भरे जंगलों की सुंदरता से प्रेरित होकर बनाया गया है। अगर आप इस शादी के सीजन में कुछ अलग और खास पहनने की सोच रही हैं, तो जॉर्जिया का यह लहंगा आपके लिए बेहतरीन प्रेरणा साबित हो सकता है। जॉर्जिया ने इस फोटोशूट में लाल रंग का खूबसूरत लहंगा पहना, जिसमें जरी और जरदोजी का बेहतरीन काम किया गया था। यह लहंगा मधुबन की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाते हुए बेहद सुंदर कढ़ाई से तैयार किया गया है। लहंगे के साथ एक शानदार ऑर्गेंजा दुपट्टा था, जिसमें बारीक कढ़ाई की हुई बॉर्डर और एक पारदर्शी घूंघट था, जिसने इस पूरे लुक को शाही लुक दिया। खास बात यह थी कि भारी कढ़ाई वाला ब्लाउज, जिसमें डीप वी-नेकलाइन थी, जॉर्जिया की कॉलरबोन और फिट फिगर को खूबसूरती से दिखा रहा था। इस लुक में जॉर्जिया किसी रॉयल दिवा से कम नहीं लग रही थीं।



## एक नजर



**जगदलपुर 10 नवंबर।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के मोहन नगर में अटल उद्यान में एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पौधरोपण किया। जिसमें चित्रकोट विधायक विनायक गोयल , महापौर श्रीमती सफीरा साहू, वार्ड पार्षद संजय पांडे एवं जनप्रतिनिधिगण , वार्डवासी उपस्थित थे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**जगदलपुर 10 नवंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार मनीष कुमार ठाकुर, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के मार्गदर्शन में 14 दिसम्बर दिन शनिवार को जिला बस्तर जगदलपुर में वर्ष 2024 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजित लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निई. एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है। वर्ष 2024 के अंतिम नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किया जाकर आयोजन को सफल बनाए जाने हेतु मनीष कुमार ठाकुर, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले के सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल, नगरनिगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता कक्ष में आयोजित कर उपस्थित अधिकारियों को अपनी संस्था से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को आयोजित नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु रखे जाने हेतु चिन्हांकित कर यथाशीघ्र प्राधिकरण में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त प्रकरणों में उन्हें पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया।

### युवा जागृति मंच ने मनाया गोपाष्टमी

**राजनांदगांव 10 नवंबर।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के युवाओं द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी पर्व पर गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि आज मंच के सदस्य द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर गौ माता की पूजा अर्चना कर गौ माता को ग्रास और रोटी तथा गुड खिलाई गई गोपाष्टमी के दिन गौमाता का विशेष पूजन भी किया किया गया श्री साहू ने गोपाष्टमी की महिमा बताते हुए कहा कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी तिथि कहा जाता है स्कंद पुराण के अनुसार गौ माता में सर्व तीर्थों और सर्व देवताओं का निवास बताया गया है कि देशी गाय के दर्शन से पवित्रता आती है पापो का नाश होता है गाय की चरण रज का तिलक करने से भाग्य की रेखा बदल जाती है गाय की परिक्रमा करने से मनोकामना सिद्धि होती है धन स्थिर होता है तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है युवा जागृति मंच के सभी सदस्यों द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से सभी गौ पालको से निवेदन किया जाता है कि अपने पशुओं को गौ शाला या घर पर सुरक्षित रखे सड़को में घूमने व बैठे रहने देने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है जिसमे पशुओ के साथ साथ आम जन मानस को भी जान जोखिम में डालने का नुकसान होता है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, गौरव मंत्री,भारत देवांगन,हरीश साहू,ललित आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला सहसंयोजक आदित्य पराते ने दी।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**कोरबा 10 नवंबर ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी राजस्व अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करें। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई हेतु निर्धारित दिन एवं समय पर उपस्थित रहकर सुनवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ व अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर मनोज बंजारे, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी एसडीएम को भू-अर्जन के प्रकरणों में निर्धारित अवधि में अवार्ड पारित करने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने अविवादित/विवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, भू-व्यवस्थापन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का तहसीलवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने हेतु सभी तहसीलदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय-सीमा से बाहर न हो सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने त्रुटि सुधार के प्रकरणों एवं नक्शा बंटाकन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की।

# डिवाइडर के पोल पर बंधे बैनर-पोस्टर दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 10 नवंबर।** नगर के सड़कों के डिवाइडर में बड़ी संख्या में पोल पर अवैध रूप से बैनर व पोस्टर लगाए गए हैं जो खुले तौर पर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। डिवाइडर पर लगे पोल पर ही नहीं बल्कि बिजली विभाग के पोल व पेड़ों को भी नहीं छोड़ा जा रहा, जहां मर्जी वहां लोग अवैध रूप से बिना परमिशन बैनर पोस्टर टांग रखे हैं। सबसे ज्यादा बैनर तो जनप्रतिनिधियों के दिखाई पड़ते हैं। इन सबको रोकने एवं इन पर कार्यवाई की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है । नगर पालिका परिषद को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कारवाई करनी चाहिए जो वो नहीं कर रहे। ऐसा प्रतीत होता है नगर प्रशासन पोलों पर अवैध रूप से टंगे बैनर पोस्टर की वजह से होने वाले किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। गौरतलब है कि नगर के स्टेंट बैंक चौराहा से लेकर एसपी कार्यालय तक और आगे पीएमजीएसवाय कार्यालय से लेकर कारली पुलिस लाइन तक बने मुख्य मार्ग में बने डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट पोल पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाज, संगठन, राजनीतिक दलों, तीज त्यौहार से संबंधित, व्यापारिक संस्थाओं के बैनर पोस्टर, होर्डिंग्स टांगे गए हैं। जब भी कोई कार्यक्रम होता है या कोई मंत्री, नेता या वीआईपी का आगमन होता है तब तब इन पोलों पर बैनर पोस्टर टांग दिए जाते हैं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी बांधे गए बैनर पोस्टर को नहीं उतारा जाता। पोल पर बंधे बंधे बैनर पोस्टर सड़कर, टूटकर एक ओर झुक जाता है जिससे वाहन चालकों को सामने की ओर से आ रही वाहन दिखाई नहीं देते। ऐसे में हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। कई बार छोटे मोटे हादसे हो भी चुके हैं। न केवल डिवाइडर के पोल पर लोगों ने बैनर पोस्टर बांधा है बल्कि बिजली विभाग के खम्बों, बैंक चौक में लगे हाईमास्ट लाईट के पोल पर भी बैनर टांग रखा है। इतना ही नहीं सड़क किनारे लगे पेड़ों तक को भी नहीं छोड़ा है उसमें भी पोस्टर टंगे हुए देखे जा सकते हैं। इससे शहर की सुंदरता भी खराब दिखने लगी है। नियमतः सरकारी पोल पर पालिका अथवा बिजली विभाग से लिखित परमिशन के बाद ही बैनर पोस्टर टांगा जा सकता है वो भी निर्धारित दिनों तक ही। मगर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में ऐसा नहीं हो रहा। डिवाइडरों में लगे पोल व बिजली विभाग के खंबों को लोगों ने अपना निजि संपत्ति समझ रखा है जब मन चाहा जहां, वहां अपना बैनर टांग दिया। इन अवैध बैनर पोस्टर व होर्डिंग्स टांगने वालों के खिलाफ न तो नगर पालिका कोई कारवाई कर रही है व बिजली विभाग इस पर कुछ बोल रहा है। कुल मिलाकर भाजपा राज में ढर्रे पर नियम कायदा दंतेवाड़ा में चल रहा है कहा जाए तो गलत नहीं होगा।



## खेल प्रतिभाओं को निखारने10 नवंबर से विकासखंड स्तरीय ओलंपिक का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक और खेल प्रतिभा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर संभाग में 'बस्तर ओलंपिक 2024' का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन सुकमा, छिन्दगढ़, और कोण्टा विकासखंडों में निर्धारित तिथियों 10 नवंबर से 15 नवंबर 2024 पर आयोजन किया जाएगा। इसमें कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकसी (महिला), बैडमिंटन, कराटे, फुटबॉल, तावा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल होंगे। विकासखंड सुकमा में 10 नवंबर 2024 को सुकमा, गोगला, झापरा, पुसपल्ली, भेलवापाल, बुड़दी,कोकरपाल में। 11 नवंबर 2024 को केरलापाल, रामाराम, चिकपाल, गोलाबेकुर, कोयाबेकुर, पोंगाभेज्जी, बडेसट्टी, सिरसट्टी, फुलबगड़ी में। 12 नवंबर 2024 को सोनाकुकानार, नीलावरम, मुरतोण्डा, रामपुरम, नागारास, जीरमपाल में।13 नवंबर 2024 को गादीरास, चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी, कोर्रा, पोरदेम, गुफडी, गोंदपल्ली, गोण्डेरास में किया जाएगा । विकासखंड छिन्दगढ़ में 10 नवम्बर 2024 को छिन्दगढ़ गुडरा, धोबनपाल, उरमापाल, पतिनाईकरास, रोकेल, बकुलाघाट, गंजेनार, कांजीपानी, मुर्रेपाल, पोदुम, चिपुरपाल. बिरसठपाल, राजामुण्डा, केरातोंग, पाकेला में। 11 नवंबर 2024 को कूकानार , बोदारास, बोकड़ओडर, इड़जेपाल, गोरली, पेंदलनार, अधिकारीरास, कुन्दनपाल, कुन्ना, मिचवार, पुसगुन्ना डब्बा, पेदारास, डोलेरास, टांगररास में । 12 नवंबर 2024 को तोगपाल, मारेंगा, टाहकवाडा, पेरमारास, हमीरगढ़. लेदा, जैमेर, सगुनघाट, कनकापाल, चिड़पाल, पालेम, कवराकोपा, कुमाकोलेंग, चिउरवाड़ा में। 13 नवंबर 2024 को पुसपाल, किन्दराडा, चितलनार, कोडरीपाल, मेखावाया, तालनार, ओलेर, किकिरपाल, नेतानार, गुम्मा, कोडरीपाल-2, कवासीरास, सौउतनार में आयोजन किया जाएगा। विकासखंड कोण्टा अंतर्गत 10 नवंबर 2024 को कोंटा, बण्डा, ढोढरा, इंजराम, मेहता, सिंगाराम, दरभागुढ़ा, एर्राबोर, मुलाकिसोली, मराईगुडा (रा), मनिकोण्टा, टेटराई, आरगटटा, मेडवाही, गगनपल्ली में , 11 नम्बर 2024 को दोरनापाल, मिसमा, दुब्बाटोटा, पुनपल्ली, सामसट्टी,बगडेगुडा, गोगुण्डा, गोरगुण्डा, नागलगुण्डा,पोलमपल्ली में।12 नवम्बर 2024 को जगरगुण्डा, कुन्देड़, सिलगेर, कोण्डासावली, तारलागुड़ा, गुमोड़ी, चिमलीपेन्टा, कामाराम, गोदपल्ली में।13 नवम्बर 2024 को मराईगुड़ा, किस्टाराम, गोलापल्ली, गंगलेर. पालाचलमा, पोटकपल्ली, करीगुडम में।14 नवम्बर 2024 को भेज्जी, कोत्ताचेरू, बुर्कलंका, रेगडगट्टा, डब्बाकोण्टा, पालामड़गू, पेंटापाड़ में।15 नवम्बर 2024 को चिंतलनार, मुकरम, केरलापेंदा, नागाराम, एलमपल्ली, मिलमपल्ली,मोरमपल्ली, सुरपनगुडा, दुलेड़, कोर्रापाड़, चिंतागुफा, कांकेरलंका, कामाराम में आयोजन किया जाएगा। खेल का आयोजन होने वाले मैदान विकासखण्ड सुकमा में कबड्डी, बॉलोबॉल, खो खो, ऐथलटिक्स., लंबी कूद. उच्ची कूद, रास्सा कसी (महिला) मिनी स्टेडियम सुकमा में, बैडमिंटन एवं कराटे इंदौर बैडमिंटन स्टेडियम में, फुटबॉल कुम्हाररास मैदान में, तावा फेक, गोला फेक, भाला फेक, तीरंदाजी हड़मा आउटडोर स्टेडियम सुकमा में आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड छिन्दगढ़ में कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, ऐथलेटिक्स, लंबी कूद, उच्ची कूद, फुटबॉल, तावा फेक, गोला फेक, भाला फेंक, तीरंदाजी., रास्सा कस्सी (महिला) मिनी स्टेडियम छिन्दगढ़ में, बैडमिंटन एवं कराटे, इंडोर बैडमिंटन स्टैडियम छिन्दगढ़ में आयोजन किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### तिलहनी फसलों का कृषि वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा, 10 नवंबर।** कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन अंतर्गत समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के तहत दंतेवाड़ा जिले में तिलहनी फसलों का प्रदर्शन लगाया गया हैं। इस संबंध में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से आये वैज्ञानिक डॉ. जी. पी. आयाम, डॉ. एन. सी. मंडावी एवं डॉ. एन. नाग ने कटेकल्याण ब्लाक के गाटम गांव में 12 एकड़. में प्रदर्शित रामतिल फसल का अवलोकन करते हुए कृषकों से सीधे संवाद किया। इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में तिलहनी फसलों की रकबा क्षेत्र विस्तार हेतु मूंगफली 40 हेक्टेयर एवं रामतिल 30 हेक्टेयर में किसानों के खेत में प्रदर्शन लगाया गया है। इस तिलहनी फसल का किसान अपने घरेलू उपयोग के साथ-साथ बाजार में विक्रय कर सकेंगे जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। इस निरीक्षण में कृषि वैज्ञानिक डॉ. आयाम ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि फसलों को समय पर कतार बुआई करने के अलावा पानी एवं पोषक तत्व प्रबंधन समय में करे। जिससे मौसम की बदलाव का प्रभाव कम पड़े. एवं अधिक उपज प्राप्त हो। इसके साथ ही उन्होने कहा कि कृषक इस संबंध में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों का सलाह मश्वरा अवश्य करे। इसके अलावा डॉ. मंडावी ने किसानों को बताया कि अपने फसल चक्र में तिलहनी फसल को भी शामिल करें क्यों कि इसका बाजार मूल्य भी अधिक प्राप्त होता हैं और आमदनी में भी वृद्धि होती है।

### विकासखण्ड स्तरीय मेगा बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का शुभारंभ



**दंतेवाड़ा, 10 नवंबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर मेगा बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन पूरे बस्तर संभाग में किया जा रहा है। मेगा बस्तर ओलंपिक के द्वारा बस्तर क्षेत्र के युवाओं के खेलों के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने एक महत्वाकांक्षी प्रयास है। इस क्रम आज विकासखंड स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता 2024 का मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान अन्तर्गत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह में विधायक श्री चैतराम अटामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री जयदयाल नागेश, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सीईओ जनपद श्री पंकज कुमार अंगारे उपस्थित थे। विकासखण्ड स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता 09 नवंबर से 12 नवंबर तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि इस मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में खो-खो, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग,तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, कराटे, बैडमिंटन, रस्सा खींच जैसे प्रतियोगिता खेली जायेगी। इसके पूर्व आगंतुक अतिथियों द्वारा बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

### विवेकानंद नगर में पंचाह्निका महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुओं की हुई वंदनावली



**रायपुर 10 नवंबर।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में पंचाह्निका महोत्सव भक्तिमय वातावरण में शुरू हो गया है। मुनिश्री जयपाल विजयजी म.सा., मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म. सा,मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म. सा,साध्वी रत्ननिधिश्रीजी म.सा, साध्वी रिद्धिनिधि श्रीजी म.सा आदि ठाणा के शुभ सानिध्य में 12 नवंबर तक पंचाह्निका महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिन 18 हजार गुरुवन्दनावली का कार्यक्रम हुआ। 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के भाई कृष्ण वासुदेव को जब ज्ञात हुआ कि उनके भाई तीर्थंकर बन गए हैं तो उन्हें वंदना करने गए। नेमीनाथ भगवान के 18000 शिष्यों को उन्होंने वंदन किया, उसी के निमित्त आज महोत्सव के प्रथम दिन 18000 गुरुओं का वंदन किया गया। गुरु गौतम स्वामी से लेकर 18 गुरुओं की महिमा का व्याख्यान करते हुए उन्हें सविधि वंदन किया गया। इसी तरह सभी गुरुओं की महिमा का वर्णन करते हुए सविधि वंदन किया गया। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा सभी गुरुओं को रजत अक्षत से बधाया गया एवं गुरु पूजन किया गया। अहमदाबाद से आए गीतकार हर्षिल शाह ने संगीतमय प्रस्तुति से गुरुओं की महिमा का वर्णन भजन के द्वारा किया। मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. एवं मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने गुरुओं की महिमा का व्याख्यान किया।

## नक्सल संगठन में सक्रिय दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 10 नवंबर।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके षोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 02 नक्सली क्रमशः 01.वंजाम रामा पिता गंगा (मिलिशिया सदस्य,अरलमपल्ली पंचायत) उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम पालामड़गू पटेलपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा छ0ग0 02. दिरदो पोज्जा पिता देवा (मिलिशिया सदस्य, अरलमपल्ली पंचायत) उम्र लगभग 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम पालामड़गू पटेलपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा छ0ग0 के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में रेहान अली खान, सहायक कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ, सुरेश कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट 50 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक अविलाष टण्डन, प्रभारी डीआरजी जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त नक्सलियो को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में आर.एफ.टी.कोन्टा एवं 50,219 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा के कार्मिकों की रही विशेष भूमिका।उक्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।



### राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

**दुर्ग 10 नवंबर।** दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे।निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा।इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। नगर निगम क्षेत्र में वर्षों से बकाया संपत्ति व अन्य करों की वसूली के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

### बोरजे में व्हालीबॉल प्रतियोगिता का समापन

**बीजापुर 10 नवंबर।** आज ग्राम पंचायत बोरजे में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री सह सदस्य जिला पंचायत बीजापुर ने बोरजे मे आयोजित जिला स्तरीय बॉलीबाल स्पर्धा के समापन समारोह मे उपस्थित होकर विजेता टीम छिलकापाल्ली उपविजेता टीम मेटलाचेरू के खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए पुरुस्कार वितरण किया! प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री विक्रम मंडावी जी द्वारा 20000 रूपये एवं कप द्वितीय पुरुस्कार ग्राम पंचायत सरपंच श्री रमेश यालम जी के द्वारा 10000/- एवं ट्रॉफी प्रदाय किया गया! उपस्थित खिलाड़ियों एवं आमजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया जी, बोरजे पंचायत के सरपंच रमेश यालम जी, उपसरपंच ब्रिज कावरे जी, पापनपाल सरपंच विजय कुड़ियाम के साथ साथ अन्य लोग उपस्थित थे।



### अहिल्याबाई का संपूर्ण जीवन जन सेवा के लिए समर्पित था : टोपलाल वर्मा

**रायपुर 10 नवंबर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह मनाया गया .इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता के तौर पर प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ श्री टोपलाल वर्मा अहिल्याबाई होलकर समिति के सचिव संजय जोशी,सकल गुजराती समाज के अध्यक्ष कौशिक दत्ताकार तथा महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष श्री अजय कालेकर एवं महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी की विशेष उपस्थित रही। आयोजन में मुख्य प्रवक्ता श्री टोपलाल वर्मा ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से जानकारी रखी उन्होंने बताया कि किस तरह से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का संपूर्ण जीवन सभी वर्गों के लिए समर्पित रहा है उनका कहना था कि देश में मंदिरों के पुनर्निर्माण का काम प्रारंभ हुआ है यह भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विचारों की देन है। 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना में लोकमाता का स्थान रहा है न्याय प्रिय धार्मिक कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा के साथ ही सदाचारिता की शिक्षा देने पर अहिल्याबाई होल्कर का विशेष स्थान पाया जाता है। देश में दत्तक पुत्र की परंपरा को प्रारंभ करने का श्रेय भी लोक माता को है ,महिला सशक्तिकरण सामाजिक सुरक्षा इत्यादि में भी लोकमाता के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उन्हें भ्रष्टाचार पसंद नहीं था वह एक न्याय प्रिय एवम सुशासन के लिए जानी जाती थी, आज भी पूरे देश में कठोर शासन व्यवस्था के साथ न्यायवादिता के लिए अहिल्याबाई होल्कर को जाना जाता है पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में भी देवी अहिल्याबाई होल्कर की विशेष भूमिका रही है जिसे आज देश आत्मसात करके आगे बढ़ रहा है ।

### मिलेट पोषक तत्वों एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों से देश-दुनिया परिचित

## नियद नेल्लानार ग्राम गमावाड़ा एवं धुरली के आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिया जा रहा मल्टीग्रेन दलिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 10 नवंबर।** मिलेट अनाजों के पोषक तत्वों एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों से पूरे देश-दुनिया परिचित हो चुकी है। कभी मोटे अनाजों के नाम पर दरकिनार होते इस अनाज को अब श्री अन्न कहा जाने लगा है। सभी के लिए सुपाच्य एवं मरीजों के विभिन्न व्याधियों में फायदेमंद इस अनाज की मांग अब एकाएक बढ़ चुकी है। खास तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के सेहत के लिए इस एक कारगर के उपाय के रूप में देखा जाने लगा है। जिले में पोषण माह में सुपोषण योजना के तहत बच्चों को दिए जा रहे हैं ''मिलेट मल्टीग्रेन दलिया'' इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले में जहां कुपोषण और एनीमिया एक बड़ी समस्या रही है, इस देखते हुए जिला प्रशासन की विशेष पहल पर सुपोषण योजना के तहत एक अनूठी पहल के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलेट मल्टीग्रेन (मिलेट्स, जैसे रागी, कोदो, कोसरा, बाजरा, ज्वार आदि) से बना दलिया दिया जा रहा है। यह मिलेट मल्टीग्रेन दलिया नियद नेल्लानार के ग्राम गमावाडा एवं धुरली के आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाडी केंद्र बंद होने के समय अर्थात 3 बजे के आसपास खिचड़ी या हलवा के रूप में बनाकर दिया जाता है। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त गर्म भोजन व घर में मिलने वाले शाम के भोजन के बीच में ''न्युट्रिशनल गैप'' को पूरा करती है। इससे आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ-साथ ''अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेषन'' (ईसीसीई) गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए भी कारगर साबित हुआ है। यह मिलेट मल्टीग्रेन दलिया स्थानीय स्व सहायता समूहों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है। मिलेट्स (मोटे अनाज) एक संपूर्ण पोषक आहार होते हैं, जिनमें फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, और कई विटामिन्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये बच्चों के शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और वे बेहतर ढंग से शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते हैं। साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर मिलेट्स में आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं जो बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाते हैं. मांसपेशियों के विकास में मदद करते हैं और ऊर्जा का अच्छा स्रोत होते हैं। पाचन में सुधार रू मिलेट्स में अधिक मात्रा में फाइबर होने के कारण यह बच्चों के पाचन तंत्र को सुधारता है और उन्हें स्वस्थ बनाए रखता है। चूंकि कुपोषण की समस्या में कमी दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में, एक गंभीर समस्या है, मिलेट दलिया ने बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर किया है। यह पौष्टिक दलिया बच्चों के लिए संपूर्ण आहार साबित हो रहा है, जिससे उनकी वृद्धि और विकास में सहायता मिल रही है। रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि मिलेट्स में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं, जिससे वे बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं।



एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 10 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक, छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री (राजस्व, आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण) टंक राम वर्मा के गृह ग्राम चापा में आयोजित मड़ई मेला के उपलक्ष्य में रंग सरोवर रंगारंग कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, कृष्णा अवस्थी धनजय साहू नरेश केशरवानी नीरज बाजपेयी, ईशान वैष्णव रितेश श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम साहू, राहुल सोनी राजेश वर्मा, शिवनरेश मिश्रा हरिचंद वर्मा वेदाँत रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## लाखों के अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 10 नवम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभारी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 07.11.2024 को थाना टिकरापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत आर.डी.ए. कार्यालय कौशल्या माता विहार के पास विहार सेक्टर 05 के पास तीन व्यक्ति काला रंग के बैंग में अफिम रखे विक्रय करने हेतु हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है की मुखबीर की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, तथा थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को अफिम के साथ रंगे हाथ पकडने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना टिकरापारा पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये अनुसार उन व्यक्तियों को चिन्हांकित किया गया। पूछताछ में उन व्यक्तियों ने अपना अपना नाम-01. मोह0 जसिद मिर पिता स्व0 गफार मिर उम्र 41 साल निवासी मुर्मू शिव मंदिर के पास थाना सिसई जिला गुमला (झारखण्ड), 02. लेव मिंज पिता मनवेल मिंज उम्र 30 साल निवासी ग्राम सुपाली नेवडा गढा तलाब के पास थाना सिसई जिला गुमला (झारखण्ड), 03. जसवंत सिंह पिता दूलासिंह गिल उम्र 65 साल निवासी कुरूद हाउसिंग बोर्ड कालोनी म.नं. 1835/1 जामुल जिला दुर्ग (छ0ग0) का होना बताये।

## ट्रांसफार्मर चोरी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 10 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सचिन्द्र सोनी कनिष्ठ अभियंता भाटापारा ने 30 अगस्त 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 28-29 अगस्त .2023 के मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर 02 ट्रांसफार्मर का लाईन को काटकर ट्रांसफार्मर के अंदर का एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम कीमती 20,000 को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी करहीबाजार में अपराध क्र 651/2023 धारा 379,411,120क्र 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। कि प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा पूर्व में आरोपीगण लालाराम केवट उर्फ भगत केवट उम्र 26 वर्ष, अमर बाबुवानी उर्फ कुंदन उम्र 24 वर्ष, सुमन जांगड़े उम्र 21 वर्ष, बिरेंद्र सिंह जांगड़े उम्र 29 वर्ष, टार्जनवानी उर्फ टीपुवानी उम्र 18 वर्ष, राज आर्यनवानी उर्फ खेखड़ा उम्र 18 वर्ष 6 माह सभी निवासी रिस्दा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर एवं जितेंद्र वागले उम्र 29 वर्ष साकिन मोहभट्टा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर को दिनांक 18.01.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी शेख फारूक फरार था। कि प्रकरण में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा आरोपी शेख फारूक को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर एवं उसमें लगे तार आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से ?20,000 कीमत मूल्य का, एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 07.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# बोरझरा में झेरिया यादव समाज ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 10 नवम्बर।** ग्राम बोरझरा में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ग्राम पचपेड़ी मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सर्वप्रथम यादव समाज द्वारा कृष्ण की झांकी एवं महिला राऊत नाचा दल के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया एवं मंच पर गौ माता की पूजा अर्चना कर भगवान मुरली मनोहर की महाआरती कर खिचड़ी खिलाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया शाम को अखाड़ा दल द्वारा अनेक करतब भी दिखाया गया एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए बाल समाज पूरन जस झांकी ग्राम - गातापार (कोर्रा)का आयोजन भी किया गया!





इस अवसर मुख्य अतिथि झेरिया यादव समाज जिला धमतरी अध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि गौमाता का हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है और हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए विशुद्ध रूप से प्रत्येक समाज को जोड़कर गोपाष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाना चाहिए।उपस्थित सभी अतिथियों ने भी अपने उदबोधन में गोपाष्टमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला।झेरिया यादव द्वारा आयोजित गोपाष्टमी पर्व में जिला सचिव अवध राम यादव,पचपेड़ी मंडल अध्यक्ष संतोष यादव,देवरी मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,अंवरी मंडल अध्यक्ष पवन यादव,भखारा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव,कोर्रा मंडल अध्यक्ष नंदकुमार यादव,भखारा मंडल के रवि यादव,पचपेड़ी मंडल के भूपेंद्र यादव,देवरी मंडल महामंत्री लेखराम यादव एवं ग्राम बोरझरा यादव समाज के महिला व पुरूष पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंजीत यादव,राहुल चंद्राकर कुरुद,शांति लाल यादव रहे!

### राऊत नाच महोत्सव में यादव नर्तक दलों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

# छत्तीसगढ़ी धरोहर, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाटापारा अग्रणी






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 नवम्बर।** नगर में होने वाले राउत नाच महोत्सव के 33वें वर्ष में प्रवेश वर्ष के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज मंडी परिसर में हुआ। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण अंचल के 8 यादव नर्तक दल ने हिस्सा लिया।

विदित हो कि नगर में होने वाले राउत नाच महोत्सव के 33 वें वर्ष के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज मंडी परिसर में हुआ। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण अंचल के आठ यादव नर्तक दल ने हिस्सा लिया। जिसे देखने के लिए नगरवासियों ने देर रात्रि तक आनंद उठाया। राउत नाच महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में इन्द्रसाव विधायक भाटापारा व कार्यक्रम की अध्यक्षता परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता व अन्य अतिथि, कुबेर यदु, सुरेन्द्र यदु जनपद उपाध्यक्ष, ईश्वर सिंह ठाकुर सुकृत साहू अधिवक्ता, सुनील गुप्ता, संतोष नेतराम यादव, बल्देव भारती उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक ने कहा कि भाटापारा नगर छत्तीसगढ़ी धरोहर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है। जिसका पूरा श्रेय रमेश यदु को जाता है जिनके अथक प्रयास से छत्तीसगढी लोकसंस्कृति कला को अक्षुण्य बनाये रखा है। भाटापारा नगर लोकोत्सव, रामनाम सप्ताह समापन जुलुस व राउतनाच महोत्सव के नाम से जाना जाता है। साव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन के पीछे एक ही मकसद है समाज के सभी वर्ग एक साथ एक मंच में उपस्थित होकर कार्यक्रम दें व संगठित रहे तथा राजनीति क्षेत्र में भी अपनी संगठन क्षेत्र का आह्वान किया साव ने इस कार्यक्रम के माध्यम से राउतनाच महोत्सव समिति को इस आयोजन हेतु प्रतिवर्ष 10 हजार देने की घोषणा की साथ रामसागर वार्ड में किचन शेड निर्माण कार्य कराये जाने का भी घोषणा की। आभार प्रदर्शन मंच के संरक्षक रमेश यदु ने किया। इस कार्यक्रम में अतिथी के अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार संजीव तिवारी, मन्नीमहाराज, सलीमखान, राजकुमार शर्मा, महेश उपाध्याय, नरेन्द्र यदु चन्द्रशेखर चक्रधारी, अशोक यदु, शैलेन्द्र अहिरवार, भरतवर्मा कडार, छोटू यादव, मनोज साहू, शिवयदु, अजय यदु, धनीराम यदु, संतोष सोनी मदनठाकुर, सहित बड़ी संख्या में लोकसंस्कृति नगरवासी उपस्थित थे।

#### नर्तक दल ने की शिरकत

राउत नाच महोत्सव में लगभग 08 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम डोंगरिया, सिनोधा, तुरमा, लटुवा, भिलौनी, रामसागरवार्ड से शामिल है। प्रतियोगिता में डोंगरिया का नर्तक दल प्रथम को शील्ड के साथ 7000 नगद, द्वितीय सिनोधा को शील्ड के साथ 5000 नगद तृतीय तुरमा व लटुवा को शील्ड के साथ 3000-3000 नगद तथा शेष नर्तक दलो को 2000 रू नगद सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# आईएसबीएम विवि ने चलाया विधिक जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 नवम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कला और मानविकी संकाय तथा विधि संकाय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अकलवारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लोगों के निःशुल्क विधिक परामर्श एवं न्यायिक अधिकार के बारे में बताया गया। इस जागरूकता अभियान को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभासिष विश्वास ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को विश्वविद्यालय से रवाना किया। इस अवसर पर आईएसबीम विश्वविद्यालय के विधि संकाय के सुश्री रागिनी सोनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है ताकि भारत के लोगों को न्याय सम्बन्धी मामलों में जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता में महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठ नागरिक, औद्योगिक कामगार, मानव तस्कर से प्रभावित लोग, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग तथा बाढ़, सुखा जैसे आपदा से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। विधि संकाय के छात्र नीरज ने विधिक सेवा संस्थान के कार्यों के बारे में जानकारी दी। छात्र रूपेश साहू ने विधिक सेवा की संरचना के बारे में बताया। टेमान, केशव सिन्हा के द्वारा विधि सम्बन्धी जानकारियां दी गई।इस कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य स्कूल के प्रधानाचार्य जीपी वर्मा के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ आर एम साहू, अशोक साहू और आकाश गुप्ता द्वारा लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन विधि संकाय के अध्यक्ष सुश्री छायांगी महमला ने किया।




# कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 नवम्बर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा गया है। मुखबिर से सूचना मिला कि सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार में किराए के मकान में निवासरत आरोपी तीर्थराज वर्मा अपनी एक महिला मित्र कविता चतुर्वेदी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने का काम कर रहा है और वह आज लवन तरफ से अपने जुपिटर स्कूटी वाहन के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा लेकर आ रहा है।



कि सूचना पर पुलिस टीम ने 7 नवम्बर को घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को स्कूटी वाहन के माध्यम से सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार में अपने किराए के मकान में आते हुए पकड़ा गया।। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों एवं जुपिटर स्कूटी वाहन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों के पास रखे पिट्ठू बैग एवं झोला से अलग-अलग पैकेट एवं झिल्ली में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 07 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 70, 000 है। इसके अतिरिक्त दोनों आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 30, 900, मोबाइल 02 नग एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटी वाहन भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 827/2024 धारा 20 क्र ह्ष्ठक्क एक्ट के तहत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम तीर्थराज वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन वर्तमान निवासी सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, कविता चतुर्वेदी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मौहागांव थाना धरसींवां जिला रायपुर वर्तमान निवासी सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली है।

# सरकारी दफ्तरों में कांग्रेसी मानसिकता वाले कर्मचारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 10 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बदल गई लेकिन अब भी कांग्रेस के नेताओं के जलवे दिखाई दे रहे हैं। हर विभाग में कांग्रेस मानसिकता वाले अधिकारी कर्मचारी इस वक्त भी कांग्रेस के 5 वर्ष में जिस तरह से सरकारी कार्य किया करते थे आज भी वही परंपरा से कार्य होने नेता बदल गए सरकार बदल गई लेकिन सरकारी तंत्र की जो कार्य करने की पढ़ती है वह कांग्रेस से भी इस वक्त ज्यादा कठिनाई से जनता के कार्य किए जा रहे हैं इसका मुख्य कारण है की तिल्दा नेवर नगर में वह सरकारी कार्यालय जिसमें जनपद पंचायत विकासखंड शिक्षा कार्यालय नगर पालिका परिषद तहसील कार्यालय इन सभी स्थानों में आम पब्लिक ठीक उसी प्रकार से आज चक्कर काट रही है जो चक्कर कांग्रेस सरकार में कांटा करती थी कुछ लोगों ने बताया कि आज भी कांग्रेस के मानसिकता वाले कर्मचारी अधिकारी जो जनपद पंचायत में पिछले वर्षों से यहां पदस्थ है और खुलकर के कमीशन खोरी के साथ में कार्य चल रहा है कुछ ग्राम पंचायत के सरपंचों ने बताया कि बिना कमीशन के पंचायत के अध्यक्ष बिल पास तक नहीं होते क्योंकि आज भी ग्राम पंचायत को सीधा खाते में पैसे जाने के पश्चात भी कांग्रेस के उन तथा अतीत नेताओं के बड़े-बड़े ठेके आज भी उसी तरह से चल रहे हैं जो पिछले 5 वर्षों से चल रहे थे चौकी सरकार बदलने के पश्चात कल तक कांग्रेस में जोसक्रिय नजर आ रहे थे इस वक्त भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के रूप में सभी मंच पर दिखाई दे रहे हैं इस कारण जहां ठेकेदारों ने चोला बदल है वही अधिकारी कर्मचारी भी चोला तो नहीं बदला है लेकिन कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार भी यहां विभागों में कार्य चल रहा है इस वक्त तिल्दा नगर की राजनीति इस तरह दूषित है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए ग्रामीण कार्यकर्ता अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं और अधिकारी कर्मचारियों के चक्कर लगा रहे हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410092100027 अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रोहित उजवने उम्र 46 वर्ष पिता स्व.गणेश राम उजवने जाति कलार निवासी भगत सिंह वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़, तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक एवं अनावेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में भूमि मकान नजूल शहर वार्ड नं. 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भूमि शीट क्रमांक 2 क्रमशः भूखण्ड क्रमांक 932/1, 925/2 क्रमशः क्षेत्रफल 3432, 84 वर्गफीट 318.843, 7.804 वर्गमीटर भू भाटक बिना लगानी 0.25 रूपये स्थित है। राजस्व अभिलेख में उभय पक्षो का नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। अनावेदक अर्चना पशीने आयु 44 वर्ष पिता स्व. गणेशराम उजवने जाति कलार पति अभिलेश पशीने निवासी वार्ड नं. 20 लालबर्रा पोस्ट थाना तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) उक्त भूमि मकान के अपने आधे हिस्से को आवेदक के पक्ष में पंजीयत हक परित्याग विलेख दिनांक 17.09.2024 को उप पंजीयत कार्यालय डोंगरगढ़ में उपस्थित होकर निष्पादित कर दिया तथा कब्जा आवेदक को सौंप दिया है अब उक्त भूमि मकान के आधे हिस्से का स्वयं एवं शेष आधे हिस्से का कुल मकान भूमि का, आवेदक भूमि स्वामी एवं आधिपत्यधारी हो गया है। अतः राजस्व अभिलेख से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम उक्त भूमि मकान के संपूर्ण भाग में दर्ज किया जाकर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की आवश्यता है। उक्त भूमि शीट क्रमांक 2 क्रमशः भूखण्ड क्रमांक 932/1, 925/2 क्रमशः क्षेत्रफल 3432, 84 वर्गफीट 318, 843, 7.804 वर्गमीटर भू भाटक बिना लगानी 0.25 रूपये के राजस्व अभिलेख से हक परित्यागकर्ता (अनावेदक) का नाम विलोपित कर हक प्राप्त कर्ता (आवेदक) का नाम दर्ज किया जाकर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**


### दीपावली पर भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्य शाखा भाटापारा व एसबीआई लाईफ बीमा कम्पनी का अनुकरणीय कार्य

# वर्मा परिवार को ऋण से मुक्त कर दी खुशियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 नवम्बर।** कमल नारायण वर्मा ने लगभग दो वर्ष पूर्व भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्य शाखा भाटापारा से मकान निर्माण हेतु ऋण लिया था, जिसपर एसबीआई लाइफ कम्पनी का ऋण रक्षा बीमा भी लिया था, जो की ग्राहक के असमय निधन के समय परिवार को ऋण मुक्ति में सहायक होता है। कुछ मास पूर्व वर्मा के आकस्मिक निधन से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा. न केवल परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो गई, बल्कि बैंक ऋण से निर्मित मकान से बेदखल होने का डर भी उत्पन्न हो गया, क्योंकि वर्मा के निधन से परिवार की मासिक नियमित आय बंद हो गई और ऋण की मासिक किस्त का भुगतान भी रुक गया.

ऐसे विपरीत समय में भारतीय स्टेट बैंक एवं एसबीआई लाईफ बीमा कंपनी ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए त्वरित कार्यवाही की, बीमा दावा प्रक्रिया निष्पादन में तत्परता दिखाई तथा मात्र 78 हज़ार के प्रीमियम के एवज में परिवार को लगभग 20 लाख का बीमा दावा भुगतान कराया.



इस बीमा दावा भुगतान से वर्मा का मकान पूर्णतया ऋण मुक्त हो गया एवं परिवार को घर विहीन होने से सुरक्षा मिल गई। बीमा दावा और ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र लेते हुए परिवार को लगा मानो तपते रेगिस्तान में वर्षा हो रही हो तथा वर्मा जी के निधन की अपूरणीय क्षति के दुःखों के बीच यह दीपावली उनके लिए कुछ राहत की रोशनी लेकर आई है।

शाखा प्रबंधक अनुपम कुमार सिंह ने बताया कि एसबीआई सदैव ग्राहकों के साथ है और ग्राहकों के हित में अनेक योजनाओं का कार्यान्वयन करती है. अनेकानेक वर्षों से ग्राहकों की समस्त वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति एवं बैंकिंग के अलावा ग्राहकों को जीवन बीमा, समान्य बीमा, म्यूचुअल फंड निवेश, एस आई पी आदि से संबंधित समस्त सुविधाएं प्रदान करने वाली देश की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था है. बैंक का प्रमुख उद्देश्य ही अपने ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी दरों पर न केवल सर्वोत्कृष्ट सेवायें उपलब्ध कराना है बल्कि समय समय पर उनकी समस्त वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना भी है। एसबीआई बैंक और एसबीआई लाईफबीमा कम्पनी के त्वरित कार्य हेतु बैंक के ग्राहकों ने सराहना की एवं बैंक के कार्यों में अपनी सन्तुष्टि एवं विश्वास व्यक्त किया।

## एक नजर

### आईएसईआई एक्सीलेंस पुरस्कार प्रदान

**रायपुर 10 नवंबर।** इंस्टीटूशन ऑफ़ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा आईएसईआई एक्सीलेंस पुरस्कार 2024 कार्यक्रम का आयोजन रायपुर स्थित बेबीलोन इंटरनेशनल होटल में किया गया द्य यह पुरस्कार उन व्यक्तियों, संगठनों और संस्थानों को दिया जाता है जिन्होंने पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान तथा उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री के के द्विवेदी, डायरेक्टर एवं इंचार्ज इंडस्ट्रियल हेल्थ व सेफ्टी छत्तीसगढ़ सरकार, अतिथि श्री संतराम नेताम, छत्तीसगढ पीएससी सदस्य, रज्जू कुमार, डिप्टी चीफ इंस्पेक्टर ऑफ़ फैक्ट्री छत्तीसगढ़ सरकार, श्री अश्वनी कुमार पटेल, सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा छत्तीसगढ़ सरकार, सुश्री अनिमा एस कुजुर, डिविजनल कमांडेंट अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ रायपुर, संस्था के चेयरमैन डॉ. एस. रामपुरी, निदेशक तमन्ना अफ़रोज़, डॉ एम एस नवाज, माधुरी चतुर्वेदी, मो. तौसीफ तथा अन्य कई अतिथिगढ़ मौजुद थे।

### छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज ने मनाया दिवाली मिलन



**रायपुर 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज ने दिवाली मिलन समारोह मनाया। नई टीम के अध्यक्ष- श्री शंकर बजाज जी ने यह जानकारी दी कि , हमारी छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज को 56 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2000 से पहले के सभी अध्यक्षों - श्री परेश माणिक जी, श्री के सी शर्मा जी, श्री कमल सारडा जी, श्री घनश्याम दास तापड़िया जी, श्री विजय मुथा जी, हंसराज कोठारी जी, श्री गंगादास तापड़िया जी, श्री संपत काबरा जी, श्री अनिल पटेरिया जी एवं श्री यू एन अग्रवाल जी , का सम्मान किया गया द्व

साथ ही साथ छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी, श्री राजेंद्र जग्गी जी, श्री विक्रम सिंह देव जी, एवं समस्त चेंबर ऑफ कॉमर्स टीम का , एवं कैट से कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री वासु मखीजा जी ,श्री सुरेंद्र सिंह जी एवं का एवं समस्त कैट टीम का , तथा स्पॉन्सर - एडोर इंडस्ट्रीज से श्री वर्मा जी, एवं टीम का, गणेश ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड से श्री उमंग गोयल जी एवं टीम का, प्रेम पैकेजिंग से श्री रोहित पंजवानी जी एवं टीम का, तथा ख्याति पेट इंडस्टरीज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से श्री वैभव बजाज जी एवं टीम का, सम्मान किया गया द्व

### वेदांता मेटल बाजार ने दर्ज की बढ़त

**रायपुर 10 नवंबर।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की बीते कुछ समय में काफी लोकप्रियता बढ़ी है, इसकी मिसाल बन गया है वेदांता एल्युमीनियम, जिसने अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म वेदांता मेटल बाजार के माध्यम से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की है। केवल 6 महीनों में, इस प्लेटफॉर्म के सक्रिय उपयोगकर्ताओं में 240त्न का इजाफा हुआ है, और एसएमई प्रयोक्ताओं में 35% की वृद्धि दर्ज की गई है। वेदांता मेटल बाजार थर्ड पार्टी बिचौलियों को हटाकर एल्युमीनियम तक सीधी पहुँच प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म लघु व मध्यम उद्योगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो जटिलताओं में उलझे बिना अपनी वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यह वृद्धि भारतीय उद्योगों में डिजिटल और पारदर्शी खरीद समाधानों की बढ़ती मांग को दर्शाती है। वेदांता मेटल बाजार के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुनील गुप्ता ने कहा, ÷वेदांता मेटल बाजार ने एल्युमीनियम खरीदने की पारंपरिक पद्धतियों को बदल कर रख दिया है। हमने एक ऐसा समाधान तैयार किया है, जो खरीद को आसान बनाता है और ग्राहकों के लिए लाभकारी है।

### रेलवे खान-पान सेवा ठेकेदारी कर्मचारी कल्याण संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**रायपुर 10 नवंबर।** मान्यवर जैसा कि आपको ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन रायपुर में वर्षो से खान पान सेवा का कार्य करने वाले वेंडर आज से दो वर्ष पूर्व संगठित होकर आज ही के दिन एक संस्था का गठन किया गया था जिसका विधिवत छत्तीसगढ़ शासन से पंजीकृत कराया गया है। मान्यवर इस संगठन के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर कार्य करने वाले वेंडरों के हितों के लिए संबंधित विभाग में समय समय पर प्रतिनिधित्व करते हुए समास्याओं से अवगत कराया जाता है । मान्यवर यह संस्था विगत दो वर्षो से वेंडरों के हितों के लिए सतत प्रयास कर रही है और आगे भी वेंडरों के हितों के रक्षार्थ प्रयास करती रहेगी। संस्था के दुसरी वर्षगांठ के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री ऋषि उइके के द्वारा उपस्थित सदस्यों को संस्था के द्वारा विगत दो वर्षों में संस्था के द्वारा वेंडरों के हितों को ध्यान में रखते हुए किये गये कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही आगे भी वेंडरों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने बात कही गई। मान्यवर संस्था के अध्यक्ष के द्वारा विशेष रूप से उपस्थित सदस्यों को यह बताया गया कि संस्था की छवि साफ सुथरी बनाएं रखने के लिए सभी सदस्य गण रेलवे स्टेशन में बेहतर खान पान सेवा आम रेल यात्रियों को प्रदान करने में रेलवे प्रशासन को आवश्यक रूप से सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है।




# हम अपनी जान के दुश्मन को अपनी जान कहते हैं, मोहब्बत की इसी मिट्टी को हिंदुस्तान कहते हैं

मुफ्त' के वादे सभी कर रहे पर सारे राजनीतिक दल कर रहे हैं?राज्य सरकारें 'मुफ्त' कीआदत तो डाल रही हैं,लेकिन परिणाम तो भयावह हो सकते हैं,इसे आंकड़ों से समझा जा सक ता हैं।मार्च 2020 से मार्च 2023 तक 3 साल में 28 राज्यों की देनदारी43त्नतक बढ़ने का अनुमान है।राज्यों की बकाया देनदारियां 75 लाख करोड़ रुपये तक हो जाएंगी। 'मुफ्त' के वादे के साथ दिल्ली में सत्ता मेंआई थी'आप'गैरभाजपा शासित राज्यों में अब 'मुफ्त' की होड़ मची है।भाजपा भी तो 'मुफ्त' के हथियार से अब लोगों को पटा रही है।कर्ना टक में 'मुफ्त' के वादे करने में पीछे नहीं थी।चुनावों में जीत सुनिश्चित करने राज्यों में फ्री बिजली ,कर्जमाफी पुरानी पेंशन योजना जैसे वादे राजनीतिक पार्टियां करने में पीछे रहना नहीं चाहतीं हैँ । दिल्ली में आम आदमी पार्टी को सत्ता ऐसे ही मुफ्त के वादों से मिली थी। बाद तो यह सिलसिला ही चल पड़ा है। ऐसे वादे करने राज्यों में होड़ लगी हुई है।2014 के बाद से तो तकरीबन सभी गैर भाजपा शासित राज्यों में एक दूसरे से आगे निकलने की हड़- बड़ी साफ दिख रही है। राज्यों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है,पर चिंता कोई नहीं कर रहा। यह बीमारी सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों तक पहले सीमित थी,पर इस बार तो मप्र भाजपा सरकार ने भी विस चुनाव को ध्यानमें रख कर मुफ्त की दुकान खोल दी थी वादों का तात्कालिक लाभ भाजपा को मिलाभी? पर इसके दूरगामी परिणाम भयावह हो सकते हैं।बजट सत्र में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़े अध्ययन से पता चलता है कि मार्च 2020 से मार्च 2023 तक यानी 3 साल में 28 राज्यों की बकाया देन दारी 43त्न तक बढ़ने का अनुमान है। राज्यों की बकाया देन दारियां 75 लाख करोड़ रुपये तक हो जाएंगी। मार्च 2020 में देनदारी 52 लाख करोड़ रुपये थी। मार्च 20 21 तक राज्यों पर कर्ज की रकम 69.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है ।कृषिऋण माफी, मुफ्त की बिजली या ऐसे लोक लुभा वन वादों को पूरा करने राज्य सरकारों को कर्ज लेकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। मुफ्त के वादों के साथ कांग्रेस ने कर्नाटक में सरकार बना ली। अब जरा कर्नाटक की माली हालत जान लीजिए। पहले से ही साढ़े पांच लाख करोड़ ? के कर्ज मेंकर्नाटक डूबा हुआ है।कर्नाटक में सबने मुफ्त के वादे किये, परन्तु कामयाबी कांग्रेस को ही मिली। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस ने परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, मुखिया महिला को महीने के दो हजार ? देने की बात की। इसकेअलावा बीपीएल परिवारों को हर महीने 10 किलो मुफ्त चावल,बेरोज गारों को डेढ़ से 3 हजार ? बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया तो जबरदस्त कामयाबी मिली। हालांकि इस तरह के वादे करने में भाजपा भी पीछे नहीं थी।उसने मैनिफेस्टो में वादा किया कि अनुसूचित जाति (एसी),अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवारों को 10 हजार रुपये की फिक्स्ड डिपोजिट 5 साल के लिए कराएगी। गरीब परिवारों को साल में 3 गैस सिलेंडर मुफ्त देगी।रोजाना आधा लीटर दूध देगी। प्रतिमाह 5 किलो चावल, बाजरा भी मुफ्त दिया जाएगा। मुफ्त के वादे में कुमार स्वामी की पार्टी जेडीएस भी पीछे नहीं थी।जेडीएस ने वादा किया था कि गर्भवती महिलाओं को 6 महीने तक 6 हजार रु दिए जाएंगे तो विधवाओं को ढाई हजार ? की सहा यता दी जाएगी। जेडीएस ने भाजपा से आगे बढ़कर साल में 5 फ्री गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। किसान पुत्र से लड़की की शादी होने पर उसे दो लाख ? की सब्सिडी देने की बात भी जेडीएस ने कही थी। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की परंपरा बर करार रखते हुए 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया था छात्रों के लिए शहरों में मुफ्त बस यात्रा,3 हजार रु बेरोज गारी भत्ता देने की बात कही थी। भाजपा ने दिल्ली पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक के बाद मप्र में फ्री के वादे किये गये। छ्ग में महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार ? मासिक देने की योजना का वादा किया था।हिमाचल के चुनाव हुए तो कांग्रेस ने जनता से 10 ऐसे वादे किए, जो किसी को भी लुभा सकता है। कांग्रेस का सबसे आकर्षक वादा था पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 300 यूनिटबिजली फ्री करने का वादा था।हिमा चल में कांग्रेस के अलावा प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने वायदों का कोईआकर्षक पैकेज आफर नहीं किया। कांग्रेस वहां जीत गई तो वोटरों ने यही माना कि मुफ्त का असर है।दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक के बाद मप्र, राजस्थान और छ्ग में भाजपा की मुफ्त योजनाओं के चलते उनकी सरकार बन गईं।महाराष्ट्र, झारखण्ड में भी मुफ्त योज ना की घोषणा की गई है।सवाल यह है कि मुफ्त की योजना से सरकार तो बन जाती हैं पर आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है,जनोपयोगी योजनाएं सिचाई, बिजली उत्पादन, बांध सहित अन्य बड़ी योजना को सरकार चाह कर भी शुरू नहीं कर पा रहीं हैं?




### पूर्व आईएएस डॉ शुक्ला, टुटेजा पूर्व महाधिवक्ता वर्मा के खिलाफ केस दर्ज

आर्थिकअपराध अनुसंधान ब्यूरो,एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिटायर्ड आईए एस अनिल टुटेजा, डॉ आलोक शुक्ला, पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। एफआईआर में इन तीनों आरोपियों के वाट्सअप चैट, प्रवर्तन निदे शालय (ईडी) के प्रतिवेदन के आधार पर नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में बड़े वित्तीय घोटाले के आरोपों के संबंध में दर्ज किया है।ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान अधिकारियों ने राशन वित रण में बड़े पैमाने पर गड़ बड़ी की, अपने पद का दुरुपयोग किया गया।20 19-20 में हाईकोर्ट मेंदूषित तरीके से अग्रिम जमानत प्राप्त की गई, जिसका सम र्थन करने कई सबूत ईओ डब्ल्यू को मिले हैं। जांच में पाया गया कि 2019- 20 20 के बीच,आलोक शुक्ला अनिल टुटेजा ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए सतीशचंद्र वर्मा को अनु चित लाभ पहुंचाया,जिससे वे अपने कर्तव्यों का पालन गलत तरीके से कर सकें।आपस में मिलकर आपरा धिक षड्यंत्र रचते आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में दस्तावेजों,जानकारी में बद लाव किया,ताकि खिलाफ दर्ज नान के मामले में उच्च न्यायालय में पक्ष में जवाब तैयार किया जा सके। गौर तलब है कि अनिल टुटेजा शराब घोटाले में भी ईडी और एसीबी के मामले में आरोपित हैं।ईडी द्वारा पंजीकृत ईसी आईआर 01/2019में भी अग्रिम जमानत प्राप्त करने का प्रयास किया गया। आरो पियों ने गवाहों को अपने बयान बदलने दबाव भी बनाया, दस्तावेजों को प्रभावित किया। ईओडब्ल्यू ने आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधि नियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।पूर्व सरकार केकार्यकाल के दौरान 13, 301 राशन दुकानों में राशन वितरण में गड़बड़ी काआरोप है,केवल चावल के मामले में 600 करोड़ रुपये का घोटाला होने का दावा किया गया है, जबकि घोटाले का आंकड़ा एक हजार करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है।

### सीएस अभिताभ जैन का बनेगा रिकार्ड

छ्ग के मुख्य सचिव 1989 बैच के आईएएस अभिताभ जैन ने 30 नवम्बर 2024 को अपना 4 साल का कार्य काल पूरा करके रिकार्डबना लेंगे। अभी तक 4 साल कोई मुख्य सचिव नहीं रहा है। 12 वें मुख्य सचिव हैं अभिताभ। जून 2025 तक इनका कार्यकाल रहेगा,छ्ग के पुराने मुख्य सचिव (सी एस) के कार्यकाल की चर्चा करें तो पहले सीएस अरुण कुमार करीब 2 साल 3माह सुयोग्य कुमार मिश्र 1 साल 5 महीने,अशोक विजय वर्गीय 1साल 4 माह, आर पी बगई 1साल



2माह,शिव राजसिंह 1साल 6माह, पी जाय.उम्मेन 3 साल 5 माह, सुनील कुमार 2साल,विवेक ढांड 3 साल 11माह,अजय सिंह 1 साल, सुनील कुमार कुजूर 9 माह,आर. पी. मण्डल, 1 साल 1 माह तक सीएस बने रहे।

### और अब बस

- छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का आयोजन कार्यक्रम में छत्ती सगढ़ महतारी की तस्वीर न होने से विवाद खड़ा हो गया है,कांग्रेस ने भाजपा सर कार पर हमला करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा का अपमान बताया है।
- क्या सीएमओ में किसी वरिष्ठ आईएएस की जल्दी नियुक्ति होगी?
- गृह मंत्रालय विजय शर्मा से नहीं सम्हल रहा है, भाजपा के एक बड़े पदा धिकारी ने क्लास ली, कहा किकवर्धा ही नहीं सम्हाल रहा है?
- अगला डीजीपी कौन होगा, इसको लेकर अभी से मंथन शुरू हो गया है?

# जैतू साव मठ में मनाई गई आंवला नवमीं



**रायपुर 10 नवंबर।** पुरानी बस्ती रायपुर स्थित जैतू साव मठ में में आंवला नवमी का त्यौहार श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 12ः00 बजे पूजा अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी तथा राधा -कृष्ण जी की मूर्ति को चांदी के सिंहासन पर आरूढ़ करके विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान की स्तुति कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं तथा श्रद्धालु भक्तों ने आंवला वृक्ष की परिक्रमा की और भगवान से आशीर्वाद मांगा, सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया उल्लेखनीय है कि आंवला नवमी के त्यौहार को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है श्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने आंवला नवमी के त्यौहार के संदर्भ में कहा कि- जो भी श्रद्धालु भक्त आंवला नवमी के व्रत को विधिवत पूरा करता है उसे माता लक्ष्मी एवं भगवान श्री हरि की विशेष कृपा प्राप्त होती है, इस लोक में सुख संपत्ति की प्राप्ति होती है साथ ही उसे मोक्ष की प्राप्ति भी सुलभ हो जाती है। मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने आंवला नवमी के वैज्ञानिक आधार को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि -आंवला नवमी आध्यात्मिक रूप से हमें भगवत भक्ति प्रदान तो करता ही है साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यदि हम देखें तो आंवला विटामिन सी का बहुत बड़ा स्रोत है यह लोगों को सर्दी खांसी से बचाता है शरद ऋतु के बाद अब शीत ऋतु प्रारंभ हो गई है इसलिए इसका उपयोग हमारे पूर्वज लोग करते आ रहे हैं यह मनुष्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी उत्पन्न करता है सभी दृष्टि से आंवला नवमी का त्यौहार अति उत्तम है। इस अवसर पर इस अवसर पर महेंद्र अग्रवाल , अजय तिवारी, पुजारी सुमित तिवारी ,शालिनी अग्रवाल, शैल अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रमेश यदु चंद्रकांत यदु, गोविंद, दीपक, व बड़ी संख्या में गुरुकुल विद्यार्थी उपस्थित थे ।




रायपुर 10 नवंबर। सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित सतत सेवारत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 24x7 घंटे अनवरत विभिन्न परिस्थितियों में जो सभी जन सेवा और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं उन्हे सम्मानित किया गया।

### सरेआम शराब पीते आधा दर्जन पकड़ाए

**रायपुर, 10 नवम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास पंडरी में सरेआम शराब पीते आरोपी जयराम साहू 23 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश्वर वर्मा 41 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी टिकेश्वर वर्मा 26 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल कोसले 24 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रविकांत वर्मा 43 वर्ष व आशीष कुमार परगनिहा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

**कवर्धा 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम द्वारा आंकाक्षी विकासखंड बोडला में जल उत्सव अभियान के अंतर्गत 9 नवंबर को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों को जल गुणवत्ता परीक्षण की विधियां सिखाई गईं। इस पहल का उद्देश्य यह था कि शिक्षक जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी इन प्रक्रियाओं में निपुण बना सकें, ताकि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक किया जा सके।कार्यक्रम का आयोजन आंकाक्षी विकासखंड बोडला में स्थित जल परीक्षण प्रयोगशाला में किया गया, जहां ग्राम पंचायत बहनाखोदरा, चिल्फी, बैरख, आंशिक विकासखंड बोडला, नेऊरगांवकला, पोड़ी, खड़ौदाखुर्द, राम्हेपुरकला, खरहट्टा, खण्डसरा, मड़मड़ा, सिंधारी, तरेगांवजंगल, लरबक्की, दलदली, घोंघा एवं राजानवागांव हाई स्कूल के विज्ञान शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। इन स्कूलों से प्रत्येक विद्यालय से शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में इस कार्यक्रम में



उपस्थित थे। शिक्षकों को फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करके जल गुणवत्ता परीक्षण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। उन्हें बताया गया कि फील्ड टेस्टिंग किट का सही उपयोग कैसे किया जाए ताकि जल स्रोतों के पानी की शुद्धता को समय-समय पर जांचा जा सके। जल के विभिन्न गुणों जैसे पीएच स्तर, क्षारीयता, कठोरता आदि का परीक्षण किस प्रकार से किया जाए, इसका अभ्यास भी शिक्षकों को कराया गया। इस ज्ञान का उपयोग वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच जल परीक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिए करेंगे, ताकि छात्र-छात्राएं अपने आसपास के जल स्रोतों की गुणवत्ता की जानकारी रख सकें। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में पानी की स्वच्छता बनाए रखने के लिए हाथ धोने की प्रक्रिया को भी सिखाया गया, जिससे बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित की जा सके। हाथ धोने के इस अभ्यास के माध्यम से जल जनित बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी जोर दिया गया।इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा जगत और समाज के लिए एक नई दिशा का प्रतीक है। इन शिक्षकों ने न केवल जल की गुणवत्ता की जांच के तकनीकी पहलुओं को समझा, बल्कि जल के प्रति जिम्मेदारी का एक नया दृष्टिकोण भी अपनाया। अब ये शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता के महत्व से अवगत कराएंगे, जिससे जल की सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर एक नई जागरूकता का प्रसार हो सकेगा।इस कार्यक्रम ने जल उत्सव अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें न केवल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया बल्कि समाज में जल संरक्षण और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास भी किया गया । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत ने बताया की जल संरक्षण एवं जल स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है । बोड़ला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर ओर उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम ने शिक्षकों को जल शुद्धता और जल संरक्षण ओर जल स्वच्छता के प्रति जागरूक किया ।

# प्रेम गीत को भगवान की आराधना से जोड़ सकते हैं




**रायपुर 10 नवंबर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ने जलविहार कालोनी में बड़े धूमधाम से दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष एन सी मोरियानी एवं कार्यकारी सचिव शेखर अमीन जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित लोगों को दीपावली पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य स्वरूप चंद जैन ने दीपावली उत्सव में ग्यारह दीयों का महत्व और उसे अपने जीवन में क्यों और कैसे अंगीकार करना चाहिए इस पर प्रकाश डाला । योगेश अग्रवाल ने फिल्मी गीत गाकर बताया कि कैसे हम अपनी विचारधाराओं को बदल कर इस प्रेम गीत को भगवान की पूजा आराधना से जोड़ सकते हैं ।सुभाष साहू , अंजली शितूत , डॉ प्रीता लाल ने भी दीपावली पर आधारित गाने गाकर महफ़िल को रौनक मनाया । प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। इसलिए इन त्योहारों को हमें सभी आपसी भेदभावों को मिटाकर ओर एकजुट होकर मनाना चाहिए। त्योहार व रीति-रिवाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और ये हमें एकता का संदेश देते हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26